हरिभूमि

# जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, गुरुवार, 10 अप्रैल 2025

अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती

4 शोभा यात्रा निकालकर किया गया जवारा विसर्जन



## खबर संक्षेप

### जिला मेडिकल बोर्ड की बैठक को किया स्थगित

**जांजगीर-चांपा।** सिविल सर्जन सह - मुख्य अस्पताल अधीक्षक जिला चिकित्सालय जांजगीर-चांपा ने बताया कि शुक्रवार 11 अप्रैल को आयोजित होने वाली जिला मेडिकल बोर्ड की बैठक अपरिहार्य कारणों से स्थगित किया गया है।

### हीट स्ट्रोक एवं बचाव के उपाय के संबंध में गाइडलाइन जारी

**जांजगीर-चांपा।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि हिट वेव जिसे सामान्य भाषा में लू चलना कहा जाता है, जब वातावरण का तापमान 40°C या 104°F से ज्यादा हो तो हीट वेव (लू) की स्थिति उत्पन्न होती है, इसका असर बच्चों, बुजुर्गों एवं गंभीर लक्षण बीमारी वाले लोगों में सर्वाधिक होता है। इसमें सिर में भारीपन और दर्द का अनुभव होना, तेज बुखार के साथ मुंह का सूखना, चक्कर और उल्टी आना, कमजोरी के साथ शरीर में दर्द होना तापमान अधिक होने के बावजूद पसीने का ना आना, अधिक प्यास लगना और पेशाब कम आना, भूख कम लगना, बेहोश होना।

हीट स्ट्रोक से बचने के उपाय - लू लगने का प्रमुख कारण तेज धूप और गर्मी में ज्यादा देर तक रहने के कारण शरीर में पानी और खनिज मुख्यतः नमक की कमी हो जाना होता हैं। धूप में निकलने से पहले सर व कानों को कपड़े से अच्छी तरह से बांध लें, पानी अधिक मात्रा में न पीयें, अधिक पसीना आने की स्थिति में ओ.आर.एस. घोल पीयें, चक्कर आने, मितली आने पर छायादार स्थान पर आराम करें तथा फल का रस, लस्सी, मठा आदि का सेवन करें। प्रारंभिक सलाह के लिए 104 आरोग्य सेवा केन्द्र से निःशुल्क परामर्श लिया जाएं। अगर लू के चपेट में आ जाये तो नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र से संपर्क करें।

### केन्द्रीय क्षेत्रीय राष्ट्रीय व विदेशी छात्रवृत्ति योजना के लिए आवेदन

**जांजगीर-चांपा।** भारत सरकार सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा अनुसूचित जाति, विमुक्त घुमंतू और अर्थ घुमंतू जनजातियां, भूमिहीन, खेतिहर मजदूरी और पारंपरिक कारीगर श्रेणी के कम आय वाले विद्यार्थियों के लिए विदेश में अध्ययन की सुविधा हेतु केन्द्रीय क्षेत्रीय राष्ट्रीय विदेशी छात्रवृत्ति योजना लागू की गई है। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग ने बताया कि इस योजना का लाभ लेने के लिए विद्यार्थी की शैक्षणिक योग्यता 60 प्रतिशत अंको के साथ स्नातक उत्तीर्ण आयु 35 वर्ष से कम एवं पालक की वार्षिक आय 8 लाख रुपये से अधिक नहीं होनी चाहिए। संबंधित वर्ग के विद्यार्थी जो केन्द्रीय क्षेत्रीय राष्ट्रीय विदेशी छात्रवृत्ति योजना के तहत विदेशों में अध्ययनरत करना चाहते है वे 27 अप्रैल तक वेबसाइट पर आवेदन कर सकते हैं। विस्तृत जानकारी के लिए कार्यालय, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास, पुराना कलेक्टर परिसर विवेकानंद मार्ग जाजगीर से कार्यालयीन समय में संपर्क कर सकते हैं।

### शादी का झांसा देकर दैहिक शोषण, आरोपी गिरफ्तार

**चांपा।** शादी करने का झांसा देकर युवती से दैहिक शोषण करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। मामला चांपा थाना क्षेत्र का है। चांपा मिली जानकारी के अनुसार महिला पर घटित अपराध को गंभीरता से लेते हुए थाना प्रभारी चांपा जेपी गुप्ता के नेतृत्व में तत्काल आरोपी सुरेंद्र कश्यप उम्र 34 वर्ष निवासी हरदीहरि की धरपकड़ हेतु रवाना किया जाकर आरोपी को पकड़ा जिसको घटना के संबंध में पूछताछ किया गया प्रारंभिक तौर पर आरोपी पुलिस टीम को गुमराह करता रहा। बारीकी से पूछताछ करने पर पीड़िता को शादी का झांसा देकर दैहिक शारीरिक शोषण करने का अपराध घटित करना स्वीकार किए जाने पर आरोपी को गिरफ्तार किया गया।


### दर्जन गांवों को मिलाकर सुव्यवस्थित विकास की बनी थी कार्ययोजना

# जिला बनने के डेढ़ साल बाद भी सक्ती शहर के मास्टर प्लान का पता नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

सबसे पुरानी तहसील के साथ दशकों पूर्व बनी नगर पालिका सक्ती जिला बनने के बाद जिला मुख्यालय बन चुकी है, लेकिन शहर के विकास को लेकर तैयार किए गए मास्टर प्लान पर अब तक काम शुरू नहीं हो सका है। पूर्व में बनाई गई कार्ययोजना के मुताबिक शहर के साथ आसपास दर्जन भर गांवों को मास्टर प्लान में शामिल किया गया था।

गौरतलब है कि अविभाजित जांजगीर चांपा जिले के 4 नगर पालिकाओं में से एक सक्ती नगर पालिका के सुव्यवस्थित विकास के लिए मास्टर प्लान जिला गठन के पूर्व से ही तैयार किया गया था। बीते वर्षों में नगर निवेश विभाग द्वारा पूरा नक्शा तैयार करके सक्ती शहर में प्रदर्शनी लगाई थी और लोगों से सुझाव भी आमंत्रित किए गए थे। बताया जाता है कि इस कार्ययोजना में सक्ती शहर से लगे 14 गांवों को शामिल किया गया था और इसके हिसाब से सुव्यवस्थित प्लान बनाकर विकास करने की बात कही गई थी, लेकिन जांजगीर चांपा जिला से अलग होकर सक्ती जिला के गठन होने के डेढ़ साल बाद भी अपने जिले की इकलौती नगर पालिका सक्ती के विकास की मास्टर प्लानिंग आज तक धरातल नहीं आ सकी है। इधर जिला बनने के बाद शहर में जहां आधा सैकड़ा से अधिक नए दफ्तर शुरू हो गए है, तो इसके साथ ही यहां की बसाहटों का विस्तार होने लगा है। ऐसी स्थिति में शहरवासियों के लिए पानी, बिजली, पानी, सड़क, नाली जैसी मूलभूत सुविधाओं की कमी महसूस होने लगी है।




### इन 14 गांवों को करना है शामिल

पालिका परिषद सक्ती में न केवल सक्ती बल्कि आसपास के 14 गांव जिसमें कंचनपुर, नवापारा, बोरदा, नंदेली भाठा समेत अन्य गांव शामिल है। इसे लेकर नगर निवेश विभाग को टारगेट भी मिला हुआ है ताकि पालिका एवं नगर पंचायत के साथ-साथ आसपास के गांव का भी विकास टाउन एंड कंट्री प्लानिंग के माध्यम से मास्टर प्लान बनाकर किया जा सके। इन क्षेत्रों में बिजली, पानी, शिक्षा स्वास्थ्य, सड़क समेत अन्य मूलभूत सुविधा आने वाले दिनों में और भी बढ़ाई जाएगी ताकि इसका लाभ शहर सहित आसपास के लोगों को भी मिल सके। वर्ष 2011 के सर्वे के मुताबिक नगर पालिका परिषद सक्ती की आबादी 21 हजार 955 है। इनमें 11 हजार 111 पुरुष एवं 10 हजार 844 महिला शामिल है।

### डेढ़ लाख की आबादी को मिलना है लाभ

नगर पालिका परिषद सक्ती को नगर निवेश के अंतर्गत मास्टर प्लान में शामिल करने के बाद सक्ती में डेढ़ लाख की आबादी की आने वाले दिनों में सुविधा बढ़ेगी और उन्हें लाभ मिलेगा। खास बात यह है कि मास्टर प्लान में 14 गांव के ग्रामीण भी लाभान्वित किया जाना है। मास्टर प्लान बनाने को लेकर शहर के जनप्रतिनिधि अधिकारी एवं वरिष्ठ नागरिकों को आमंत्रित कर बैठक बुलाई जानी रहती है, ताकि शहर के लोगों को भी मास्टर प्लान के बारे में जानकारी मिल सके, लेकिन इस तरह की गतिविधियां अभी नगर पालिका सक्ती में नहीं दिख रही है।

### किया गया पत्राचार

बढती आबादी एवं समय के हिसाब से नगर पालिका परिषद सक्ती का विकास होना है। इसके रूपरेखा को लेकर उच्चाधिकारियों को पत्राचार किया गया है। उनके निर्देशन में आगे की कार्रवाई होगी।

**- तमेश्वर देवांगन**
सहायक संचालक
नगर एवं ग्राम निवेश

### उच्चाधिकारियों से करेंगे बात

सक्ती नगर पालिका अविभाजित बिलासपुर और जांजगीर चांपा जिले की सबसे पुरानी पालिकाओं में से एक है। वर्तमान में सक्ती जिला मुख्यालय है। बसाहटें बढ़ी है। आगे भी बढ़ेगी। इस हिसाब से मास्टर प्लान पर काम होना जरूरी है। मास्टर प्लान के संबंध में नगर निवेश विभाग व नगरीय प्रशासन के उच्चाधिकारियों से बात करेंगे।

**-श्याम सुंदर अग्रवाल,**
नपाध्यक्ष, नपा सक्ती

# ईंट से भरी ट्रैक्टर ट्राली पलटने से एक की मौत, दो हुए घायल

## हसौद थाना क्षेत्र के ग्राम मल्दा की घटना

हरिभूमि न्यूज ⏭ मल्दा-बिर्रा

ईट से भरी ट्रैक्टर ट्राली अनियंत्रित होकर खेत में जा पलटी। घटना में एक मजदूर की मौके पर मौत हो गई, जबकि दो मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना हसौद थाना क्षेत्र के ग्राम मल्दा की है।

इस संबंध में हसौद से मिली जानकारी के अनुसार घटना बुधवार 9 अप्रैल की है। ग्राम मल्दा के खार में ईंट से भरे ट्रैक्टर की ट्राली पलटने से ट्राली में बैठे मजदूर दिलचन्द केंवट की ईंट से दबकर मौके पर मौत हो गई। ट्राली में सवार अन्य 2 घायल मजदूरों को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया है। मजदूर दिलचन्द केंवट, नगारीडीह गांव का रहने वाला है। दरअसल, ईंट से भरा हुआ ट्रैक्टर मौहाडीह से नगारीडीह की ओर जा रहा था। ट्रैक्टर की ट्राली में 3 मजदूर बैठे हुए थे। इस दौरान ट्रैक्टर मल्दा खार के पास पहुंचा था कि ट्राली पलटने से ईंट में दबकर मजदूर दिलचन्द केंवट की मौके पर मौत हो गई, वहीं अन्य 2 घायल मजदूरों को इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है।



खेत में ईट से भरी ट्राली पलटी।

# हंसिया से गला रेतकर पत्नी की हत्या, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

चरित्र शंका के चलते पत्नी की हंसिया से गला रेत कर हत्या करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। घटना सक्ती थाना क्षेत्र के कलमीभांठा की है।

सक्ती मिली जानकारी के अनुसार कलमीभांठा जामचुआ निवासी प्रार्थी दिलहरन ने 6 अप्रैल की रात्रि करीबन 9 बजे खाना खाकर अपने कमरे में परिवार सहित सो गया था। रात्रि करीब 11:40 बजे इसके पिता ठंडी राम उरांव को बताया कि तेरी मां फुलेश्वरी बाई को हसिया से वारकर मौत के घाट उतार दिया हूं। उसके बाद घटना के बारे में अपने बहन दामाद दूजेराम उरांव, बहन दिलमती उराव एवं चाचा रामकुमार को बताया। इस दौरान घायल फुलेश्वरी को अस्पताल ले जाने की तैयारी करने लगे। परिजनों ने बताया कि फुलेश्वरी बाई के चरित्र पर शंका कर पिता ठंडी राम उरांव ने मां के साथ अक्सर झगड़ा विवाद करता था मां फुलेश्वरी बाई की चरित्र पर शंका कर पिता ठंडी राम उरांव ने हत्या करने के नियत से हसिया से मां के गले में वार कर गंभीर चोट पहुंचाकर उसकी हत्या कर दिया। रिपोर्ट पर थाना नगरदा में धारा 103(1) बीएसएन अपराध पंजीबध किया गया। हत्या घटनास्थल का बारिकी से निरीक्षण किया गया। वारदात में प्रयुक्त हंसिया को जब्त कर आरोपी को 24 घंटे के भीतर ही गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

# किसान के खलिहान में लगी आग, पैरा जलकर खाक



पैरावट में लगी आग।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहेराडीह

बहेराडीह गांव के एक किसान के खलिहान में बड़े पैमाने पर एकत्रित पैरा और पैरा कुटी के ढेर में आग लग गई। आग इतनी भीषण थी कि दमकल भी काम नहीं आया और देखते ही देखते पैरा और पैरा कुटी का ढेर आग से जलकर खाक हो गया। आग लगने का कारण अज्ञात है।

चाम्पा थाना और सारागांव तहसील क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बहेराडीह के किसान और डेयरी संचालक लंबोदर प्रसाद यादव के खलिहान में एकत्रित करीब 180 ट्रॉली और 50 क्विंटल से अधिक पैरा कुटी बुधवार 9 अप्रैल को दोपहर करीब 2 बजे आग लग गई। आग लगने की सूचना मिलते ही गांव के उपसरपंच जितेंद्र कुमार यादव ने डायल 112 को सूचना दी। सूचना मिलते ही मौके पर दमकल और पुलिस कर्मियों की टीम पहुंची और ग्रामीणों के सहयोग से आग बुझाने की भरपूर कोशिश किया गया लेकिन आग इतनी भीषण थीं कि दमकल मशीन भी काम नहीं आया और देखते ही देखते लाखों रुपये की पैरा खरही और बड़े पैमाने पर एकत्रित पैराकुटी जलकर राख हो गई। गांव के उपसरपंच जितेंद्र कुमार यादव ने बताया कि किसान लंबोदर प्रसाद यादव डेयरी फार्म में पैरा कुटी सप्लाई का काम करते हैं। उन्होंने बड़े पैमाने पर मशीन से पैरा कुटी काटकर आसपास के डेयरी फार्म में सप्लाई के लिए रखा था। उनके खलिहान में आग लगने से उन्हें लाखों रुपये की नुकसान हुई है।

### 102 लीटरमहुआ शराब के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

**हसौद।** हसौद पुलिस ने 102 लीटर कच्ची महुआ शराब जब्त कर दो आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है। आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के अधिनियम की धारा 34 (2) के तहत कार्रवाई की गई है। हसौद थाना प्रभारी सब इंस्पेक्टर हसौद पुलिस की टीम ने गुप्त सूचना पर 9 अप्रैल को ग्राम गुडरूकला में दबिश देकर दो अलग-अलग जगह छापेमारी कर दो आरोपियों के कब्जे से कुल 102 लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब बरामद की है। गुडरूकला के सुरेन्द्र कुमार बंजारे और छबिलाल बंजारे के घर छापेमारी की। उसके कब्जे से 95 लीटर एवं छबिलाल के कब्जे से 7 लीटर कच्ची महुआ शराब जप्त की गई।

# तेज रफ्तार वाहनों पर सख्त कार्रवाई, 10 ट्रैक्टरों को पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

शहर में तेज रफ्तार मालवाहक वाहनों पर शिकंजा कसते हुए चांपा पुलिस ने सख्त कार्रवाई की है। लगातार मिल रही शिकायतों के आधार पर पुलिस ने चेकिंग अभियान चलाय। जिसमें 10 ट्रैक्टरों को जब्त करने की कार्रवाई की गई है।

**खास बात**

- थाना प्रभारी के नेतृत्व में गठित की गई टीम

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विवेक शुक्ला के निर्देश पर तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश कश्यप व एसडीओपी यदुमणी सिदार के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी जे.पी. गुप्ता के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन किया गया। टीम ने थाना क्षेत्र में चेकिंग अभियान चलाया, जिसमें 10 ट्रैक्टरों को तेज रफ्तार में पाया गया। पुलिस ने सभी वाहनों को थाना लाकर सुरक्षार्थ रखा और वाहन मालिकों को बुलाकर उन्हें शिकायत से अवगत कराया। चालकों को तेज रफ्तार वाहन न चलाने की सख्त समझाइश दी गई और वाहनों के कागजातों की जांच कर चालानी कार्रवाई की गई। चांपा थाना प्रभारी जे. पी. गुप्ता ने स्पष्ट किया है कि ऐसे चेकिंग अभियान भविष्य में भी निरंतर जारी रहेंगे, ताकि शहर में यातायात की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके और दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सके। ड्राइवर को वाहन नियंत्रित स्पीड में चलाने के संबंध में समझाइश दिया गया तथा वाहनों के कागजात को चेक किया गया एवं चालानी कार्यवाही किया गया। इस दौरान सभी वाहन मालिकों को माल वाहक वाहनों पर सवारी ना बैठाने नियन अनुसार नियंत्रित गति से वाहन चलाने के साथ-साथ अन्य दिशा निर्देश के संबंध में पोस्टर स्टीकर प्रदाय किया गया।



जब्त वाहन के साथ पुलिस टीम।

# आईपीएल में सट्टा लगाते आरोपी गिरफ्तार, मोबाइल व नगदी को किया बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

आईपीएच मैच में सट्टा लगाते हुए एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। उसके कब्जे से मोबाइल तथा नगदी रकम को बरामद किया गया है। मामला चांपा थाना क्षेत्र का है।

इस संबंध में चांपा पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार जिले के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विवेक शुक्ला द्वारा पूर्व में मीटिंग लेकर सटोरियों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए थे। इसी तारतम्य में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश कश्यप, एसडीओपी चांपा यदुमनी सिदार के मार्गदर्शन में तथा थाना प्रभारी जेपी गुप्ता के नेतृत्व में एक टीम सटोरियों के विरुद्ध कार्रवाई करने हेतु रवाना किया गया था जो टीम के द्वारा मुखबिर सूचना पर एक व्यक्ति को बस स्टैंड के पास पकड़ा गया। जिसके मोबाइल को चेक करने पर उसके द्वारा अपने मोबाइल में चेन्नई सुपर किंग्स बनाम पंजाब किंग्स टी 20 क्रिकेट मैच में सट्टा खेलते पाया गया। आरोपी के विरुद्ध छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 की धाराओं के तहत कार्यवाही करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। उक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी चांपा निरीक्षक जेपी गुप्ता, सहायक उप निरीक्षक मुकेश पांडे, प्रधान आरक्षक वीरेंद्र टंडन,नरसिंह वर्मन आरक्षक वीरेश सिंह का योगदान रहा




### राज्यपाल के सचिव ने ली बुनकर सहकारी समितियों की बैठक

# जिले की कोसा और हाथकरघा परंपरा को अंतराष्ट्रीय स्तर पर मिली पहचान

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जिले की कोसा और हाथकरघा परंपरा को राष्ट्रीय ही नहीं बल्कि अंतराष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिली है। बुनकर समितियों को व्यवसायिक और सशक्त बनाने हरसंभव प्रयास किया जाना है। राज्यपाल के सचिव ने कोसा बुनकर समितियों की बैठक में प्रशिक्षण की आवश्यकता पर जोर दिया है।

ज्ञात हो कि राज्यपाल रमेन डेका के द्वारा 18 मार्च को जिले में बैठक में दिए निर्देश के परिपालन में राज्यपाल के सचिव एवं सहकारिता विभाग सचिव डॉ. सी. आर. प्रसन्ना ने जिले में कोसा, रेशम और हथकरघा उद्योग को नई दिशा देने एवं सहकारी समितियों को अधिक व्यावसायिक और सशक्त बनाने के उद्देश्य से जिला पंचायत सभाकक्ष में बुधवार 9 अप्रैल को बैठक ली। इस दौरान कलेक्टर आकाश छिकारा, जिला पंचायत सीईओ गोकुल रावटे सहित उप पंजीयक सहकारी संस्था उमेश गुप्ता, रेशम एवं हथकरघा विभाग के अधिकारी और संबंधित समितियों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि इसके लिए उत्पादों की गुणवत्ता बढ़ाने, डिज़ाइन में नवाचार लाने और डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से विक्रय को बढ़ावा देना जरूरी है। उन्होंने सहकारी समितियों की आर्थिक स्थिति को मजबूत करने हेतु ऋण सुविधा, आधुनिक तकनीक, डिज़ाइन उन्नयन और नियमित प्रशिक्षण की आवश्यकता पर जोर दिया। साथ ही निर्देशित किया कि योजनाओं का प्रभावी ढंग से लाभ पहुंचे और समितियों के साथ मिलकर विभागीय समन्वय को और बेहतर बनाया जाए। बैठक में पारंपरिक कारीगरों और बुनकरों को आत्मनिर्भर बनाने हेतु नए तकनीकी साधनों और बाजार तक पहुंच की विशेष व्यवस्था की किए जाने, कोसा उत्पादों को ब्रांडिंग कर राष्ट्रीय बाजार में पहचान दिलाने की रणनीति भी तैयार किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने चांपा में कोसा मंडी की स्थापना, आईआईटी के सहयोग से कोसा बुनकर समितियों को आधुनिक तकनीकों से जोड़ने, लूम टेक्नोलॉजी को अपडेट करने के लिए विस्तृत कार्ययोजना बनाने कहा। उन्होंने 5 नवीन गठित बुनकर सहकारी समितियों को पंजीयन प्रमाण पत्र का प्रदान किया। राज्यपाल के सचिव डॉ. सी. आर. प्रसन्ना ने टसर केंद्र महुदा (च) का निरीक्षण कर उपस्थित अधिकारियों से कोसा उत्पादन के बारे में जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने उपस्थित स्वसहायता समूह की महिलाओं से चर्चा कर उनके कार्यों की सराहना की।



कोसा बुनकरी कार्य का जायजा लेने पहुंचे राज्यपाल के सचिव।

Apollo Hospitals
Hyderabad Renowned
CTVS Surgeon in Raipur

Apollo HOSPITALS

B - 25, Bagrecha Nursing Home,
Katora Talab Road, Shailendra Nagar.
12:00 PM - 4:00 PM

For Appointment, Call:
+914069321073
+919425577666



Dr Nagesh A
MBBS, MS, MCH (Cardiac Surgery)
Sr. Consultant - Cardiac, MICS &
Heart Transplant Surgeon

Consult the doctor, if you are facing with the below conditions.

- Aortic valve disease
- Coronary artery disease
- Sick sinus syndrome
- Atrial Fibrillation
- Pericardial effusion
- Hole In The Heart
- Cardiomyopathy
- Pulmonary Hypertension
- Congenital Heart Surgery

Embassy

## खबर संक्षेप

### अंतराष्ट्रीय रक्तवीर सम्मान से महेश एवं केशव सम्मानित



**बहेराडीह।** गरीब वर्ग के सिकलिंग, थैलेसीमिया व जरूरतमंद मरीजों को समय में निरंतर रक्त उपलब्ध कराने, रक्तदान के प्रति लोगो को जागरूक करने, देहदान एवं नेत्रदान के लिए 2016 से निरंतर कार्यरत रक्तदाता क्रांति समूह, समूह के सस्थापक महेश कुमार राठौर एवं संस्था के रक्तवीर केशव कश्यप को 6 अप्रैल को मध्य प्रदेश के रक्त दान सेवा ग्रुप एवं आल इंडिया ब्लड मोटिवेटर्स इटारसी द्वारा आयोजित अंतर्राष्ट्रीय रक्तवीर एवं समाजसेवी संस्था का सम्मान कार्यक्रम में दर्शनसिंह चौधरी सांसद नर्मदापुरम नरसिहपुर संसदीय क्षेत्र इटारसी एवं डॉ सीतासरन शर्मा पूर्व विधान सभा अध्यक्ष एवं क्षेत्रीय विधायक के द्वारा अंतराष्ट्रीय रक्तवीर सम्मान 2025 से सम्मानित किया गया है। सम्मान कार्यक्रम में रक्तदाता क्रांति समूह के संस्थापक महेश कुमार राठौर के द्वारा रक्तदान में ग्रामीण युवाओं की भूमिका, रक्तदान के लाभ एवं भ्रांतियां विषय पर अपना प्रस्तुति दी। साथ ही साथ संस्था की गतिविधियों में अवगत कराया गया। केशव कश्यप ने कहा कि हम सभी युवाओं को रक्तदान कर अपनी सामाजिक दायित्व का निर्वहन करना चाहिए ताकि जरूरतमंद मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध कराई जा सके और उनकी जान बचाई जा सके। सम्मानित होने पर रक्तदाता क्रांति समूह के संरक्षक मार्गदर्शक अशोक तिवारी, उमेन्दराम राठौर, चंद्रकुमार राठौर, रिंकू अग्रवाल, मनीष राठौर, सीमा राठौर, सुखनंदन महंत, अमर महंत, नरेंद्र साहू, लोमस बरेठ, बिक्की राठौर, शिव पटेल, दीपक यादव, जितेंद्र देवांगन, संतोष साहू, रामनाथ साहू, ज्योति श्रीवास, स्पेन्द्र मिरी, अजय स्वर्णकार, खुशवंत खांडे, अरविंद सारथी, भुनेश्वर पटेल सभी ने हर्ष व्यक्त किया।

### सरपंच संघ के अध्यक्ष बने पुष्कर दिनकर

**पामगढ़।** जनपद पंचायत पामगढ़ में शामिल 59 ग्राम पंचायत के सरपंचो के द्वारा संघ के गठन हेतु बैठक आयोजित की गई । बैठके में आम सहमति नही बनने पर चुनाव किया गया।चुनाव में हिर्री सरपंच संजीव खरे एवं कुटराबोड के सरपंच पुष्कर दिनकर ने अपनी दावेदारी प्रस्तुत की। मतदान में 58 सरपंचो ने भाग लिया जिसमें पुष्कर दिनकर को 34 मत एवं संजीव खरे को 23 मत प्राप्त हुए जबकि एक मत अवैध घोषित किया है ।इस तरह 11 मतों से पुष्कर दिनकर को सरपंच संघ पामगढ़ का अध्यक्ष घोषित किया गया। पुष्कर दिनकर वर्तमान में भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा मुलमुला मंडल अध्यक्ष के पद का निर्वहन कर रहे है । उन्होंने सभी सरपंचो का आभार व्यक्त करते हुए सभी को साथ लेकर चलने की बात कही है । उनके सरपंच संघ अध्यक्ष बनने पर सरपंचो के साथ साथ भाजपा कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त किया है ।



### बिर्रा पंचायत में हुआ स्थाई समिति का गठन

**बिर्रा।** जनपद पंचायत बम्हनीडीह के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत बिर्रा में मंगलवार को स्थाई समिति का गठन हुआ। जिसमें सामान्य प्रशासन समिति के अध्यक्ष पीली बाई साहू सरपंच ग्राम पंचायत बिर्रा, सचिव रोहित पटेल, सदस्य हेमंत साहू, राहुल कश्यप, प्रमिला केंवट बने। इसी तरह निर्माण एवं विकास समिति के अध्यक्ष एकांश पटेल वार्ड नंबर 9, सचिव रोहित पटेल, सदस्य फिरतीन देवांगन, डिंपल बंजारे, बलराम कश्यप बने। शिक्षा स्वास्थ्य तथा समाज कल्याण समिति के अध्यक्ष विमला कश्यप, सचिव सरिता नेताम, सदस्य यमुना सिंह नेताम, ममता केशरवानी, परमेश्वरी देवांगन बनी। कृषि पशुपालन एवं मत्स्य पालन समिति के अध्यक्ष सिंधु पटेल, सचिव जी आर छात्रे ग्राम कृषि विस्तार अधिकारी, सदस्य बुंदराम यादव, विमला चौहान, छतबाई कर्ष बनी। राजस्व एवं वन समिति के अध्यक्ष राजेश्वरी कटकवार, सचिव प्रदीप देवांगन पटवारी, सदस्य प्रकाश देवांगन, धनसाय कश्यप, खेदुराम घसिया बने। समिति गठन के दौरान पीठासीन अधिकारी उमाशंकर खूंटे, तुलेश्वर देवांगन प्रभारी, लखेश्वरी मांझी, हेमलता देवांगन, एकादशिया साहू, गोपाल कश्यप उपस्थित थे।

## जैन मंदिर में संगीत के साथ श्री कल्याण विधान हुआ आयोजन

# जीवन में संग्रह करने के साथ उसका त्याग करना भी जरूरी : समता सागर

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा



पूजा-अर्चना करते जैन समाज के लोग एवं धर्म को संबोधित करते समता सागर।

आचार्य विद्यासागर महाराज के शिष्य समता सागर महराज, पवित्र सागर महराज,ऐलक निश्चय सागर महाराज, निजानंद सागर महाराज एवं छुल्लक संयम सागर महराज के मंगल सानिध्य में जैन मंदिर में संगीत के साथ श्री कल्याण मंदिर विधान आयोजन हुआ।

धर्म सभा को संबोधित करते हुए निर्यापक मुनि श्री 108 समता सागर महराज ने कहा कि मंदिर के साथ-साथ पूजा पाठ एवं धार्मिक अनुष्ठान में भक्ति तो सभी करते हैं लेकिन भक्ति हमारी दिल से होना चाहिए। भक्ति इतनी गहरी होना चाहिए कि उसकी तन्मयता में हमें डूबने के साथ संसार के किसी भी वस्तु की याद नहीं आना चाहिए। धर्म ही हमें संसार में आगे बढ़ाने के साथ हमारे विकारों को दूर करता है जो धर्म की रक्षा करता है धर्म उसकी रक्षा करता है। मंदिर में बांसुरी एवं ढोलक दो वाद्य यंत्र रखे हुए थे बांसुरी को लोग मुंह में लगाने के साथ मधुर संगीत निकालते हैं वही ढोलक को दोनों हाथों से पीटकर संगीत निकाला जाता है। ढोलक ने बांसुरी को बोला लोग तुम्हें प्यार से बजाकर संगीत निकालने के साथ उपयोग करते है, लेकिन मेरा उपयोग लोग पीट कर मारकर करते हैं ऐसा क्यों है बांसुरी ने ढोलक को जवाब दिया कि लोग मुझे मुंह में लेकर बजाते हैं मुझे जिसने जो भी दिया उसको मैं तुरंत बाहर निकाल देती हूं। अपने अंदर कोई भी वस्तु का संग्रह नहीं करती हूं ढोलक तुम दोनों ओर से बंधे हुए होते हुए तुम्हारे अंदर जो भी है वह बाहर नहीं निकलता इसके लिए लोग तुम्हें पीटकर तुम्हारा उपयोग करते हैं। जीवन में जो भी संग्रह करता है वह कोई भी वस्तु उपयोगी नहीं होती। मुनिश्री 108 समता सागर महाराज ने कहा कि जीवन में संग्रह के साथ उसका त्याग करना भी जरूरी होता है। पेड़ में पत्ता होने के बाद एक निश्चित समय के बाद पेड़ उस पत्ता को त्याग देता है एवं नए पत्ता पेड़ में लग जाते हैं, गाय घास खाने के बाद दूध के रूप में उसे अपने शरीर से त्याग कर देती है। जीवन में हमें भी जो भी संग्रहण करना है उसका त्याग अवश्य करना चाहिए नहीं तो जीवन भर हम वस्तुओं का संग्रहण एवं भोग में लगे रहेंगे एवं बिना दान पुण्य एवं त्याग के वस्तु खराब होने के साथ उसकी गंभीर परिणाम भी हमें भुगतना होगा। मनुष्य को अपने जीवन में अपनी आय का एक निश्चित हिस्सा प्रतिवर्ष धार्मिक कार्यों के साथ-साथ पीड़ित मानवता की सेवा के लिए अवश्य खर्च करना चाहिए। कार्यक्रम में जैन समाज के सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

**नगर में भव्य शोभायात्रा निकालने के साथ धूमधाम से मनाई जाएगी महावीर जयंती-** जैन मंदिर में 10 अप्रैल को मुनि संघ के मंगल सानिध्य में महावीर जयंती धूमधाम से मनाई जाएगी, सुबह 7 बजे से जैन मंदिर से भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी, दोपहर 2 बजे मुनि श्री 108 पवित्र सागर महराज का 37 वा मुनि दीक्षा महोत्सव धूमधाम से मनाया जाएगा, शाम 7 बजे भगवान महावीर की मंगल आरती करने के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन होगा।

# शासन की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का करें कार्य : अंबेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा



पूजा-अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ करते अतिथि।

- नवागढ़ क्षेत्र के तुलसी में भाजपा कार्यकर्ताओं का किया सम्मान

केंद्र एवं राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ जन जन तक पहुंचे ताकि हर वर्ग के लोगों को योजना का लाभ मिल सके।

उक्त बातें भाजपा जिला अध्यक्ष अंबेश जांगड़े ने कही। वे नवागढ़ ब्लॉक के ग्राम तुलसी में आयोजित सम्मान समारोह में उपस्थित जनसमूह को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में वरिष्ठ भाजपा जिला उपाध्यक्ष संतोष अग्रवाल, शिवरीनारायण मंडल अध्यक्ष लोकेश शुक्ला, जनपद अध्यक्ष शांता कश्यप, उपाध्यक्ष शांति कश्यप, भाजपा नेता संजीव बंजारे, पुष्पेंद्र प्रताप सिंह, सेवा सहकारी समिति तुलसी के अध्यक्ष किशोर कश्यप मंचस्थ रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष श्री जांगड़े ने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार के द्वारा कई कल्याणकारी योजनाओं का संचालन किया जा रहा है ताकि हर वर्ग के लोगों को शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि सरकार सुशासन तिहार कार्यक्रम के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्र से लेकर शहर क्षेत्र में रहने वाले लोगों की समस्याओं का समाधान करने एवं शिकवा शिकायतों के निराकरण के साथ सुविधाओं में विस्तार करने की पहल कर रही है। शहर, ब्लॉक एवं ग्रामीण स्तर पर आवेदन भी लिए जा रहे हैं। उन्होंने इस तिहार को सफल बनाकर योजनाओं का लाभ लेने की अपील की। इस अवसर पर शिवरीनारायण मंडल अध्यक्ष लोकेश शुक्ला ने कहा कि राज्य सरकार लोगों के हितों को ध्यान में रखकर योजनाओं का संचालन कर रही है वही हर वर्ग के लोगों का ध्यान भी रखा जा रहा है। कार्यक्रम में भाजपा जिलाध्यक्ष अंबेश जांगड़े, मंडल अध्यक्ष लोकेश शुक्ला के साथ जनपद अध्यक्ष शांता कश्यप, उपाध्यक्ष शांति कश्यप सहित भाजपा के दर्जन भर से अधिक पदाधिकारियों को सम्मानित किया गया। इस मौके पर रमेश केवट, जय गोपाल, वेदराम, फेकू राम अधिवक्ता एवं ग्राम सरपंच राजेश रोशन सुल्तानिया, राजकुमार सहित अन्य लोग बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

### सरपंच के साथ युवाओं ने किया भाजपा प्रवेश



नवागढ़ ब्लॉक अंतर्गत ग्राम तुलसी में आयोजित सम्मान समारोह में गांव के नवनिर्वाचित सरपंच राजेश रोशन सुल्तानियां के साथ युवाओं ने भाजपा प्रवेश किया। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष अंबेश जांगड़े, उपाध्यक्ष संतोष अग्रवाल, मंडल अध्यक्ष लोकेश शुक्ला, जनपद अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के साथ मंचस्थ अतिथियों ने भगवा गमछा भेंटकर सभी का स्वागत करते हुए भाजपा में प्रवेश कराया।

## राम नवमीं पर निकाली गई श्रीराम प्रभू की शोभा यात्रा

**फगुरम।** ग्राम पंचायत फगुरम में युवाओं के द्वारा रामनवमी के अवसर पर भगवान श्री रामचंद्र जी की शोभा यात्रा निकाली गई। यात्रा के दौरान युवाओं ने भक्ति गीत गाए और राम के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त की। यात्रा का आयोजन शाम से ही शुरू हुई, जिसमें गांव के सभी लोग शामिल हुए। उप सरपंच विनोद पांडेय ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन से समाज में एकता और भाईचारे की भावना बढ़ती है। पूर्व सरपंच संतोष टंडन ने भी इस आयोजन की सराहना की और कहा कि यह हमारे संस्कृति और परंपराओं को जीवित रखने का एक महत्वपूर्ण माध्यम है।

सभी ने मिलकर भगवान श्री राम से प्रार्थना की कि वे सभी के जीवन में सुख, शांति और समृद्धि लाएं। इस अवसर पर प्रमुख रूप से ग्राम पंचायत फगुरम के उप सरपंच विनोद पांडेय एवं पूर्व सरपंच संतोष टंडन एवं जीवन टंडन , महेंद्रा टंडन पुर्व सरपंच , नरेंद्र वर्मा पुर्व उपसरपंच, योगेश राठौर सेवा सहकारी समिति अध्यक्ष फगुरम , भानु प्रताप गवेल



कांग्रेस सेवादल यंग ब्रिगेड जिलाध्यक्ष सक्ति, लालु यादव, सिध्दांत पांडे,राहुल , लोकेश ,धनंजय , प्रकाश , लोकनाथ , छोटु राठौर, परमेश्वर, अमन, सोनु, निखिल, अनिल, शिवा सहित समस्त ग्रामवासियों गणमान्य नागरिक उपस्थिति रहे ।

### राष्ट्रीय रजक महासंघ ने छत्तीसगढ़ खनिज विकास निगम अध्यक्ष से की मुलाकात

**अकलतरा।** राष्ट्रीय रजक महासंघ जिला जांजगीर चांपा का प्रतिनिधिमंडल जिला अध्यक्ष पित्रेश उजागर के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ खनिज विकास नियम के नवनियुक्त अध्यक्ष सौरभ सिंह के अकलतरा स्थित निज निवास में भेंट कर उन्हें बधाई दी गई। बधाई देने वालों में ज्ञान सिंह निर्मलकर प्रदेश संरक्षक राष्ट्रीय रजक महसघ बिलासपुर संभाग महेश कष प्रदेश कोषाध्यक्ष, लोकनारायण ,संतोषी बरेठ,पिंटू बरेठ, फगुवा निर्मलकर, लक्ष्मण निर्मलकर, सूरज ,रामकुमार निर्मलकर ,सुनील ,फेकू राम, शिवफल , हरप्रसाद निर्मलकर, काशीराम सरपंच झलमला,धनीराम ,बलराम, अर्जुन ,जगदीश ,अमरनाथ , हरिचरण, श्रवण निर्मलकर, संतोष रजक, भागवत रजक, नयन भारती, रमेश ,दीपक, दीपांशु ,मनहरण ,संतोष, निर्मलकर, मनहरण रजक, जागेंद्र रजक संतोष जनक निर्मलकर लव निर्णजक राष्ट्रीय रजक महासंघ बिलासपुर संभागीय मीडिया प्रभारी के साथ बड़ी संख्या में सदस्य उपस्थित रहे।

जाँजगीर मार्केट

संजीवनी SPRHC
फिजियोथेरेपी एवं पाईल्स क्लीनिक
पाईल्स
बवासीर
भगंदर
पथरी
(बिना ऑपरेशन)
• फ्रेक्चर, प्लास्टर ऑपरेशन के बाद जोड़ो का दर्द, जकड़न, ना मुड़ना
• कमर, गर्दन, कंधा, घुटना, एड़ी का दर्द
• सियाटिका, वात, लकवा (हाथ, पैर, मुंह)
• नसों से संबंधित दर्द
डॉ. श्रीमती ममता साहू BAMS, MS (Surgery), CGO (Nagpur)
डॉ. योगेश साहू (P.T.) BPT, MPT (Ortho.), CMT, DNHE
परशुराम चौक, डॉ. चन्द्रा हॉस्पिटल के बगल गली में चाम्पा
MO. 9691553615

# कौशल विकास में हमारी सोच की महत्वपूर्ण भूमिका

हरिभूमि न्यूज ⏭ राहौद

- सीताराम कश्यप फार्मेसी संस्थान में कौशल विकास कार्यक्रम का हुआ आयोजन



कार्यक्रम में उपस्थित अतिथि एवं छात्र-छात्राएं।

नगर के प्रतिष्ठित सीताराम फार्मेसी संस्थान में एक दिवसीय कौशल विकास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ. रामकुमार साहू प्राध्यापक गढ़वाल केंद्रीय विश्व विद्यालय उत्तराखंड एवं संस्था के प्राचार्य डॉ. मनमोहन सिंह के द्वारा द्वीप प्रज्वलन एवं राष्ट्रगान के साथ किया गया।

इस अवसर पर संस्था के सभी शिक्षक गण कर्मचारी एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। तत्पश्चात संस्था के प्राचार्य ने स्वागत भाषण देते हुए बताया कि कौशल विकास एक ऐसा क्षेत्र है जो न केवल आर्थिक विकास के लिए आशा जनक है बल्कि इसमें नवाचार और हमारे समुदायों पर सकारात्मक प्रभाव डालने की भी अपार संभावनाएं हैं। सदियों से औषधीय पौधे पारंपरिक चिकित्सा पद्धतियों की आधारशिला रहे हैं और उनका उपयोग वैश्विक स्तर पर बढ़ता जा रहा है। तत्पश्चात हमारे संस्था निर्देशक दीपक कश्यप ने हम सभी को इस अवसर का लाभ उठाने और इस कार्यक्रम में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किये एवं धन्यवाद दिये कि इस रोमांचक यात्रा की शुरुआत एक साथ करें और अपने समुदाय व विश्व पर एक सकारात्मक प्रभाव डालें। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉक्टर रामकुमार साहू के द्वारा कौशल विकास के लिए अपना व्याख्यान दिया गया। उन्होंने हम सभी को अवगत कराया की सफल व्यवसाय कम लागत में अधिक मुनाफा और देश की अर्थव्यवस्था में अपना योगदान कैसे किया जाए। इन्होंने बताया कि हमारे कौशल विकास में हमारे सोच की बहुत महत्वपूर्ण भूमिका है। इसे विकसित करने के लिए छोटी से छोटी कमियां जो कि कहीं भी हो सकती है उन्हें पहचान करना और उनका निदान करना और साथ ही इस निदान या उपचार को पेटेंट के रूप में पंजीकृत करवाना और साथ ही औषधीय पौधों को लेकर उद्यमशीलता विकसित करने की व्यापक संभावनाओं से अवगत कराया। इन्होंने बताया कि इन औषधीय पौधों के उत्पादन प्रसंस्करण व विपणन के लिए जो सरकारी योजनाएं एवं अनुदान है का उपयोग करते हुए कौशल विकास करने के व्यापक तरीके सुझाए। अंततः संस्था के उप प्राचार्य गौरव वर्मा ने कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए समस्त श्रोतागण, मुख्य अतिथि एवं प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से उपस्थित सभी अतिथियों को धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया।

TOP IN JANJGIR

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल ISO
शिशु एवं बाल्यरोग विभाग
24x7 इमरजेंसी सुविधा उपलब्ध
• न्यूमोनिया, पायोथोरेक्स, सेप्टिक शॉक, उल्टी दस्त के साथ बच्चे का सुस्त हो जाना,
• तेज बुखार के साथ झटका आना, ए. आर. डी. एस. बच्चे को लगातार झटके आना,
• पीलिया, जन्म के समय गन्दा पानी पीना व साँस न लेना, हाइपरटेंशन, लीवर फैलियर,
• डाइबिटिक कीटो एसिडोसिस, अस्थमा, बच्चों का बार बार बीमार पड़ना, इमरजेंसी सुविधाएं,
• गहन एवं गंभीर रूप से पीड़ित सभी बच्चों का इलाज हेतु एन.आई.सी.यु., पी.आई.सी.यू. की सुविधा,
• क्रिटिकल केयर विभाग, सभी तरह की आपातकालीन सुविधाएं,
• आकस्मिक दुर्घटना, सर की चोंट, जहर खुरानी, माइग्रेन का इलाज, बिच्छू एवं सर्प दंश का इलाज,
• हृदयघात, छाती में भारीपन / दबाव/ असुविधा या दर्द, गंभीर संक्रमण, साँस फूलना, मलेरिया डेंगू,
• तेज धड़कन, लकवा / पैरालिसिस, अचानक चक्कर आना, गंभीर संक्रमण आदि,
डॉ. दिलीप जैन
M.B.B.S, D.N.B, I.D.P.C.C.M
बाल्य गहन एवं क्रिटिकल केयर स्पेशलिस्ट
बिलासपुर संभाग के प्रथम एवं एकमात्र
बाल्य गहन चिकित्सा विशेषज्ञ
पता:- पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल ISO
जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजिस्ट
डॉ. प्रदीप जैन
M.B.B.S, M.S, MCh
Urology (Mumbai)
Urologist, Andrologist & Renal Transplant Surgeon
यूरोलॉजी विभाग (मूत्र एवं किडनी रोग)
• किडनी, मूत्रनली एवं पेशाब के थैली में पथरी (PCNL, URSL, SPCL, PCCL, RIRS)
• गुर्दा एवं पेशाब की थैली का कैंसर, प्रोस्टेट का बढ़ जाना (TURP),
• पेशाब का बार बार आना व कन्ट्रोल न होना, • पेशाब में खून व मवाद आना व जलन होना,
• पेशाब में रूकावट व जलन, • महिलाओं में खांसने व छींकने से पेशाब लिक होना,
• किडनी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, • पेशाब की नली में सिकुड़न व पतली धार होना,
• पुरुष नपुंसकता व बाँझपन, ए.वी. फिस्टुला ऑपरेशन (डायलिसिस हेतु)
• अत्याधुनिक दूरबीन, लेज़र से पथरी व प्रोस्टेट का ऑपरेशन (बिना चिर फाड़ के)
• कैंसर (गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली व टेस्टिस के कैंसर का ऑपरेशन,
सुविधाएं
दूरबीन पद्धति से मूत्ररोग के सभी बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन
पता:- पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल ISO
जिले की प्रथम एवं एकमात्र ऑर्थोडोंटिस्ट
डॉ. सुमिता जैन
B.D.S, M.D.S-Orthodontics & Dentofacial Orthopedics (GOLD MEDALIST), M.P.H
दन्त एवं मुख रोग विशेषज्ञ
दंत रोग विभाग
• दांतों से सम्बंधित सभी प्रकार के समस्याओं का इलाज
• दाँतों की नसों का ईलाज (Root Canal Treatment - RCT), दर्द रहित दांत निकालना,
• टेढ़े-मेढ़े व बाहर निकले दाँतों एवं जबड़ों का ईलाज (BRACES),
• हड्डी में फिक्स होने वाली बत्तीसी (IMPLANT), निकालने लगाने वाली बत्तीसी (DENTURES),
• आधुनिक मशीनों द्वारा दाँतों की सफाई, कृत्रिम दाँत लगाना, लेज़र द्वारा दाँतों में मसाला भरना,
• मुँह न खुलने व कम खुलने का ईलाज, मुँह के छालों का ईलाज (OSMF)
• दाँतों का एक्स-रे, दाँतों की ब्लीचिंग एवं व्हाइटनिंग,
• मुँह व दाँत सम्बंधित अन्य सभी बिमारियों का ईलाज, बच्चों के दंतरोगों का सम्पूर्ण ईलाज
पता:- पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल ISO
स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग
• लेप्रोस्कोपी विधि द्वारा बच्चेदानी का ऑपरेशन, 24 घंटे नॉर्मल डिलीवरी और सीजीरियन डिलीवरी,
• बार बार गर्भपात होने का इलाज, बच्चेदानी की बंद ट्यूब को खोलना,
• बच्चेदानी की सफाई, मासिक सम्बन्धी बिमारियों का ईलाज,
• नसबंदी, युरिनरी समस्याएं, अनियंत्रित रक्त रिसाव, असमान्यतौर पर अचानक से रक्त का बहाव बढ़ जाना,
• बहुत ज्यादा पसीना आना, स्तन में गठान, गर्भावस्था की सम्पूर्ण जाँच,
• परिवार नियोजन सम्बन्धी सुविधाएँ, PCOD का ईलाज, सफ़ेद पानी (ल्यूकोरिया) का ईलाज,
• बच्चेदानी थैली, ओवरी के कैंसर व गठान का ईलाज,
• अन्य महिलाओं सम्बंधित बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन,
24/7 EMERGENCY SERVICES
सुविधाएं
सोनोग्राफी की सुविधा प्रसवपूर्व जाँच एवं परामर्श
पता:- पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661

जिले में 55 बिस्तरों का राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल ISO
जनरल सर्जरी, हड्डी रोग एवं ट्रॉमा विभाग
• पेट से सम्बंधित सारी बिमारियों का इलाज, आपेंडेक्टमी, गैलब्लैडर ऑपरेशन, हाइड्रोसील, बवासीर (पाइल्स),
• फिस्टुला, फिसर, आंतो की रुकावट, हार्निया ऑपरेशन, आंत-गुदा सम्बंधी ऑपरेशन,
• आंतों का फटना, वर्सेक्टमी, पुरुष एवं महिला नसबंदी, हेमोरोइड सर्जरी, थायरॉइड सर्जरी,
• सरकम सीजर (खतना), ब्रेस्ट (स्तन) कैंसर, पेट एवं मुँह के कैंसर रोग सर्जरी, पित्त की थैली (गॉलब्लेडर) की
• पथरी का ऑपरेशन, बच्चों के समस्त ऑपरेशन
• एक्सीडेंटल व ट्रॉमा का ईलाज, घुटने और कूल्हे की सर्जरी व प्रत्यारोपण,
• हड्डी टूटने के सर्जरी, पैर और पैर की उँगलियों की सर्जरी, सल्य विधि से स्कोलियोसिस का सर्जरी,
• शोल्डर और बाजु की सर्जरी, कमर दर्द एवं साइटिका, ऑर्थराइटिस,
• गठिया, हड्डी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, बच्चों के समस्त हड्डी रोग का इलाज,
सुविधाएं
मॉडुलर ऑपरेशन थियेटर, सर्जिकल आई.सी.यू., आई.सी.यू., मेल- फीमेल वार्ड, वातानुकूलित प्राइवेट एवं सेमी प्राइवेट रुम आदि.
15 किलोमीटर तक एम्बुलेंस सुविधा मुफ्त भर्ती मरीज हेतु
सी.एस.ई.बी. कर्मचारियों व अन्य इंश्योरेंस कंपनियों से कैशलेस सुविधा
सोनोग्राफी, एक्स-रे, सी- आर्म, पैथोलेब, फार्मेसी, ई.सी.जी. ई. ई.जी. इस्पाइरोमेट्री एम्बुलेंस सुविधाएँ.
पता:- पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी 7999640661

## अकलतरी में आयोजित भजन कार्यक्रम में रात भर झूमते रहे श्रद्धालु

# भगवान श्रीराम का ननिहाल है छत्तीसगढ़ : सिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा



मुख्य अतिथि का स्वागत करते लोग।

ग्राम अकलतरी में हिंदू नव वर्ष के अवसर पर भजन कार्यक्रम का आयोजन छत्तीसगढ़ खनिज विकास निगम के अध्यक्ष सौरभ सिंह के मुख्य अतिथि एवं जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सत्य लता मिरी एवं जनपद पंचायत अध्यक्ष श्रीमती शकुन अघरिया के विशिष्ट आतिथ्य में किया गया। भजन कार्यक्रम में क्षेत्र भर के श्रद्धालु रात भर राम भजन की धुन पर झूमते हुए नजर आए।

कार्यक्रम में स्वागत भाषण प्रस्तुत करते हुए आयोजन समिति के अध्यक्ष छोटु कश्यप ने कहा कि रामनवमी केवल उपवास और पूजा का पर्व नहीं है, बल्कि यह सेवा, समर्पण और सद्भाव का प्रतीक भी है। जिस प्रकार श्रीराम जी ने धर्म, सत्य और न्याय का पालन करते हुए अच्छाई की स्थापना की, उसी प्रकार हमें भी अच्छे कर्म और मानवता के धर्म का पालन करना चाहिए। मुख्य अतिथि सौरभ सिंह ने हिंदू नववर्ष व रामनवमी की बधाई देते हुए कहा कि हमारा राज्य छत्तीसगढ़ भगवान श्रीराम का ननिहाल है। श्रीराम इस राज्य के भांचा राम है और इसिलिए हम सभी अपने अपने भांचा को श्रीराम की तरह सम्मान करते हैं। ऐसे आयोजन से क्षेत्र में सकारात्मक ऊर्जा मिलती है। सत्यलता मिरी ने कहा कि आज कल लोग थोड़ी सी जमीन के लिए परिवार से विवाद कर लेते हैं। ऐसे में हमारे भगवान श्री राम ने राज वैभव को त्याग कर पिता के वचन पालन के लिए वनवास को चले गये तब जाकर मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीरामचंद्र कहलाए। कार्यक्रम को जनपद अध्यक्ष श्रीमती शकुन अघारिया, जिला पंचायत सदस्य श्री महादेव नेताम, जनपद सदस्य ईश्वर साहू, श्रीमती गोमती कंवर , मन्नू पटेल, शानू चंदेल, सरपंच श्रीमती समे धमदे ने सम्बोधित किया। कार्यक्रम मे मुरली साहू,मदन कश्यप, लाला यादव, पवन यादव, प्रेम सागर कश्यप, बंशी साहू, पुरषोत्तम साहू, सुबोध थवाईत, राकेश शर्मा, रवि निर्मलकर, प्रदीप दुबे, सुमेश दुबे, दिगंबर साहू, सनत साहू, बालक राम यादव, ठंडा राम, चन्दन शर्मा, चिराग शर्मा, दिनेश दास, मोनू नामदेव,दिनेश साहू,ऋतुपर्ण सिंह, चक्रधर सोनी, टेकराम शुक्ला, ललित सोनी, महेश्वर शुक्ला, प्रकाश केंवट,नरेंद्र केवट, सूरज केवट अभय,अंकित शुक्ला, ललित सोनी रामचंद साहू, दीपक पटेल, मनीष धीवर, आत्मा साहू, रिखी राम साहू, मुखी केवट, देव नारायण, श्याम नारायण एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।



## जाट का टाइटल ट्रैक रिलीज, सनी ने साउथ में दिखाया नॉर्थ का दम...

**नई दिल्ली।** सनी देओल की आने वाली फिल्म जाट का टाइटल ट्रैक रिलीज कर दिया है। जाट के ट्रेलर की तरह ही ये गाना भी फैन्स को खूब पसंद आ रहा है। इससे पहले उर्वशी रौतेला का एक स्पेशल सॉन्ग 'दिल तुझको ही दूंगी पहले सॉरी बोल' रिलीज किया गया था। थमन के म्यूजिक ने उस गाने में भी दर्शकों का दिल जीता और टाइटल ट्रैक ने तो फिल्म पर चार चांद लगा दिए हैं। ऐसा लग रहा है जैसे कि ये गाना पूरी तरह से सनी देओल की पर्सनैलिटी को ध्यान में रखते हुए ही बनाया गया है। सनी देओल, रणदीप हुड्डा और विनीत कुमार सिंह की जाट 10 अप्रैल को आ रही है। सलमान खान की सिकंदर के बाद ये दूसरी बड़ी फिल्म है जो बॉक्स ऑफिस पर आई है।

## लाइफ Style

# अपूर्वा



## कहानीकार से कहानी को दूर मत करो

एजेंसी ▶▶ मुंबई

सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर और अभिनेत्री अपूर्वा मुखीजा इस साल फरवरी में शुरू हुए 'इंडियाज गॉट लैटेंट' विवाद को लेकर मुश्किलों में फंसी हुई थीं। विवाद शुरू होने के ठीक दो महीने बाद मंगलवार, 8 अप्रैल को अपूर्वा ने अपना पहला पोस्ट शेयर किया।

पोस्ट में उन्हें धमकी देने वाले सैकड़ों कमेंट और संदेशों के स्क्रीनशॉट शामिल थे। पोस्ट की पहली स्लाइड में लिखा था, 'ट्रिगर वार्निंगः इस पोस्ट में एसिड अटैक, बलात्कार की धमकियां और मौत की धमकियां शामिल हैं।' अगली 19 स्लाइडों में नफरत, गाली-गलौज, बलात्कार की धमकियां और मौत की धमकियों से भरे मैसेज और टिप्पणियां थीं, जिनमें 'मां बाप ने कुछ सिखाया नहीं क्या?', 'घटिया लड़की', 'क्या तुम्हें शर्म नहीं आती?', 'ध्यान आकर्षित करने वाला व्यवहार' जैसी टिप्पणियां थीं। ये उनके द्वारा साझा किए गए सैकड़ों मैसेज के स्क्रीनशॉट में से कुछ टिप्पणियां थीं।

उन्होंने पोस्ट साझा करते हुए कैप्शन में लिखा, 'और यह एक प्रतिशत भी नहीं है।' पहली पोस्ट साझा करने के बाद अपूर्वा ने कुछ ही मिनटों बा एक और पोस्ट साझा की, जिसमें लिखा था, 'कहानीकार से कहानी को दूर मत करो।' वहीं, कई यूजर्स और उनके कई साथियों ने उनकी पोस्ट पर कमेंट किया और उनका समर्थन किया। अपूर्वा सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर अपने प्रशंसकों के बीच 'द रिबेल किड' के रूप में जानी जाती हैं। उनके इंस्टाग्राम पर 3 मिलियन से अधिक फॉलोअर्स हैं।

## हॉलीवुड मसाला



## 'थंडरबोल्ट्स' का ट्रेलर रिलीज

**लॉस एंजिल्स।** मार्वल स्टूडियोज ने अपनी आगामी फिल्म 'थंडरबोल्ट्स' का ट्रेलर जारी कर दिया है। एक मिनट 34 सेकंड के ट्रेलर में लोगों को एवेंजर्स को याद करते और 'थंडरबोल्ट्स' को उनकी जगह लेते हुए देखा जा सकता है। ट्रेलर में काफी दमदार एक्शन भी देखने को मिला। इसे देखकर लगता है कि कहानी एंटी-हीरोज के हीरो बनने की है। ट्रेलर की शुरुआत एवेंजर्स की कमी खलने से होती है। उनकी कमी पूरी करने के लिए एक प्रयोग किया जाता है, जो बहुत ही भयावह साबित होता है।




## आखिरी मिशन पर निकले टॉम क्रूज...

**नई दिल्ली।** मिशन इम्पॉसिबल हॉलीवुड की सबसे पॉपुलर फिल्म फ्रैन्चाइज में से एक है। इस सुपर फेमस फ्रैन्चाइज की छोटी से छोटी झलक के लिए फैंस बेचैन रहते हैं। मिशन इम्पॉसिबल के फैंस सीमित नहीं हैं, बल्कि पूरे विश्व में इस फ्रैन्चाइज के चाहने वाले मौजूद है। हॉलीवुड सुपरस्टार टॉम क्रूज की मिशन इम्पॉसिबल फ्रैन्चाइज एक बड़ा माइल्स्टोन मानी जाती है। मिशन इम्पॉसिबल के सभी पार्ट्स में एक्शन का भरपूर डोज दिया जाता रहा है और इसमें पर्फॉर्म किए गए स्टंट्स की सरहाना पूरी दुनिया के फिल्ममेकर्स करते हैं। सोमवार को मिशन इम्पॉसिबल फ्रैन्चाइज की आखिरी फिल्म 'मिशन इम्पॉसिबलः द फाइनल रेकनिंग' का ट्रेलर रिलीज हुआ है।



## नेटिजन्स हुए खूबसूरती के दीवाने...

**मुंबई।** बॉलीवुड की दिग्गज अभिनेत्री डिंपल कपाड़िया ने हाल ही में मुंबई में हुए मैडॉक की सालगिरह की पार्टी में हिस्सा लिया। इस दौरान उनके साथ उनकी नातीन नाओमिका सरन भी नजर आईं। नाओमिका ने तुरंत सभी का ध्यान अपनी ओर खींच लिया। उन्होंने अपनी नानी के साथ पैपराजी के लिए पोज भी किया। नाओमिका का लुक नेटिजन्स को काफी पसंद आया और उनका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने लगा। नाओमिका को जैसे ही नेटिजन्स ने देखा उनकी खूबसूरती की तारीफ करने लगे। एक यूजर ने लिखा, क्यूट, एक अन्य ने लिखा, मिनी ट्विंकल खन्ना, एक और ने कमेंट किया, 'हां यार ये तो कैटरीना और ऐश्वर्या से बेहतर लग रही है। एक्टिंग पता नहीं कैसी है। हां अगर एक्टिंग अच्छी हुई तो अच्छी-अच्छी अभिनेत्रियों को ये पीछे कर देगी।'



## 'विकी डोनर' 18 अप्रैल को होगी री-रिलीज

**मुंबई।** सामाजिक मुद्दों से जुड़ी फिल्में करने के लिए मशहूर अभिनेता आयुष्मान खुराना एक बार फिर से सिनेमाघरों में धमाल मचाने आ रहे हैं। वो भी अपनी पहली फिल्म के साथ। जी हां, सही सुना आपने। फिल्मों के री-रिलीज की लिस्ट में अब आयुष्मान खुराना की पहली फिल्म 'विकी डोनर' का भी नाम शामिल हो गया है। इस बात की जानकारी खुद फिल्म की अभिनेत्री यामी गौतम ने दी है कि फिल्म फिर से सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। फिल्म की मुख्य अभिनेत्री यामी गौतम ने विकी डोनर के री-रिलीज के बारे में जानकारी देते हुए अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक पोस्ट साझा की है। अभिनेत्री ने फिल्म का एक पोस्टर शेयर करते हुए लिखा, 'वह फिल्म जहां से हमारे लिए सबकुछ शुरू हुआ। फिर मिलेंगे सिनेमाघरों में। 18 अप्रैल की तारीख सेव कर लीजिए।'

## टीवी मसाला



## कड़वाहट से शुरू होगी प्रेम कहानी! अबरार के आगामी शो का प्रोमो जारी

**नई दिल्ली।** दर्शकों का मनोरंजन करने के लिए टीवी पर एक नया शो आने को तैयार है। आगामी शो 'कभी नीम नीम कभी शहद शहद' का प्रोमो निर्माताओं ने जारी किया। प्रोमों में दो एक दम अलग-अलग विचारधारों के लोगों के बीच प्यार और कड़वाहट जन्म लेता दिखा। प्रोमो में एक लड़की 'कथा', जिसे पेड़ और पौधों से बहुत प्यार है अपने गार्डेन के साथ काफी खुश नजर आती है। उसकी मां उसे टोकते हुए प्यार से कहती है, इन पौधों से ही शादी करोगी क्या? इसके बाद वह बीते हुए कल का उदाहरण देकर बात को टाल देती है। अगले ही पल एक रइसजादा (उदय) जो शेफ और जिसे कुकिंग से प्यार है उससे टकराता है, जिससे कथा के पौधे टूट जाते हैं। गोबर लगने से उदय नाराज हो जाता है। दोनों की बीच एक तीखी बहस होती है। उदय कसम खाता है कि वह उसे अपने प्यार में गिरा कर छोड़ देगा। यह धारावाहिक स्टार प्लस पर प्रसारित होगा। इसमें एक पारिवारिक ड्रामा और प्यार दोनों ही देखने को मिलने की उम्मीद है। 21 अप्रैल से शाम 7 बजे से इसका प्रसारण शुरू होगा। दर्शक इसे ओटीटी पर भी देख सकते हैं। शो में अबरार काजी और आफिया तायबली मुख्य भूमिका निभाएंगी। अबरार पहले से ही टीवी शो के माध्यम से लोगों को दिलों में जगह बना चुके हैं। उन्हें आखिरी बार 'कुमकुम भाग्य' में देखा गया था, जहां उन्हें राची शर्मा के साथ देखा गया था।

## छह सीजन जज करने के बाद विशाल ने छोड़ा 'इंडियन आइडल'

**नई दिल्ली।** मशहूर गायक-संगीतकार विशाल ददलानी ने छह सीजन तक इसके पैनल में जज रहने के बाद सिंगिंग रियलिटी शो इंडियन आइडल को अलविदा कह दिया। उन्होंने सोमवार को अपने सोशल



मीडिया पर इंडियन आइडल के साथ अपने रिश्ते के खत्म होने की घोषणा की और कहा कि अब वह अपना सारा समय और एनर्जी दुनिया भर में संगीत बनाने और परफॉर्म करने में लगाना चाहते हैं। विशाल ने अपने इंस्टाग्राम पर श्रेया घोषाल और बादशाह के साथ एक प्यारा सा वीडियो साझा किया। इसके साथ ही उन्होंने एक लंबा नोट लिखा, जिसमें लिखा था, 'अलविदा, यारो। सीजन 6 में जितना मजा किया, उससे भी ज्यादा याद आएगी। हक से ज्यादा प्यार मिला है, इस शो की वजह से। इसमें शामिल सभी लोगों का हमेशा आभारी हूं। मुझे उम्मीद है कि शो मुझे उतना ही याद करेगा जितना मैं इसे मिस करूंगा।'

## 900 फिल्मों में काम करके बना 85 हीरोइन का हीरो...

**नई दिल्ली।** अक्सर फिल्म स्टार्स के बारे में कुछ फिगर्स डिक्लेयर किए जाते हैं, जिसमें बताया जाता है कि उन्होंने एक साल में कितनी फिल्मों में काम किया या ताउम्र कितनी फिल्मों में सक्रिय रहे। जैसे अक्षय कुमार के लिए कहा जाता है कि वो एक दौर में साल में सबसे ज्यादा फिल्म करने वाले स्टार थे। लेकिन, वो कभी एक हीरो का रिकॉर्ड नहीं तोड़ सके। इस हीरो ने सौ या दो सौ नहीं, बल्कि अपने पूरे कॅरियर में करीब 900 फिल्मों में काम किया था। इन 900 फिल्मों में से 700 फिल्में ऐसी थीं जिसमें वो लीड रोल में दिखे। चालीस फिल्मों में उन्होंने डबल रोल भी किए।



***साउथ के फिल्मों से बने सुपरस्टार :*** हम जिस एक्टर का यहां जिक्र कर रहे हैं उस एक्टर का नाम है प्रेम नजीर। प्रेम नजीर ने साउथ इंडियन फिल्मों से अपने कॅरियर की शुरुआत की थी। उनके नाम सबसे बड़ा रिकॉर्ड दर्ज है एक साल में रिलीज हुई फिल्मों का। कुछ साल ऐसे रहे जब प्रेम नजीर की 39-39 फिल्में रिलीज हुई हैं। मलयालम इंडस्ट्री को पूरी दुनिया में पहचान दिलाने का क्रेडिट भी उन्हें ही दिया जाता है। ज्यादा फिल्में करने का असर कभी उनकी एक्टिंग पर नहीं पड़ा। कहा जाता है कि वो इतनी रियलिस्टिक एक्टिंग करते थे कि फिल्म मेकर्स भी हैरान रह जाते थे।

***इस फिल्म से किया डेब्यू :*** प्रेम नजीर ने अपने पूरे फिल्मी कॅरियर में 40 फिल्मों में डबल और ट्रिपल रोल भी किया। इस दौरान उन्होंने 85 हीरोइन्स के साथ स्क्रीन शेयर की। उनकी पहली फिल्म साल1952 में रिलीज हुई थी, जिसका नाम था मरूमकल। इसके बाद उनकी फिल्म विसाप्पिंटे विली रिलीज हुई, जिसने उन्हें घर-घर में फेमस बना दिया। आपको बता दें कि प्रेम नजीर का असली नाम अब्दुल खादिर था। लेकिन, फिल्मी दुनिया में उन्हें प्रेम नजीर के नाम से पहचान मिली और फैन्स का प्यार भी।

## *इस एक्टर को अपनी गाड़ी में घर छोड़ने आते थे दिलीप कुमार, पंडित नेहरू ने दे दी थी फेवरेट छड़ी*

*__नई दिल्ली।__ अमिताभ बच्चन और धर्मेंद्र स्टारर फिल्म शोले में सूरमा भोपाली का किरदार निभाने वाले एक्टर सैयद इश्तियाक अहमद जाफरी उर्फ जगदीप को ऑडियंस से काफी सराहना मिली। उन्होंने अपनी फिल्मों में कॉमेडियन के अलावा गंभीर किरदार भी निभाए। अपनी शानदार एक्टिंग के लिए मशहूर हुए एक्टर की जिंदगी में एक ऐसा समय भी आया था जब उन्हें खुद दिलीप कुमार उनके घर तक छोड़ने आते थे। उस समय के पीएम पंडित जवाहरलाल नेहरु ने तो अपनी पसंद की छड़ी तक एक्टर को दे दी थी। जगदीप के बेटे एक्टर जावेद जाफरी ने एक इंटरव्यू में पिता को याद करते हुए उनकी जिंदगी से जुड़े कई किस्से शेयर किए थे। एक्टर ने अपने पिता की जिंदगी के स्ट्रगल की कहानी सुनाने के बाद कहा, 'फुटपाथ में उन्होंने दिलीप कुमार के बचपन का किरदार निभाया था। मुहुर्त शॉट*



*उन्हीं पर लिया गया था। उन्हें रोना था उस सीन में। मेरे पिता ने बिना ग्लिसरीन लगाए ही रोने का वो सीन प्ले किया। उन्होंने वो सीन इतनी अच्छी तरह से निभाया कि दिलीप कुमार भी उनकी एक्टिंग पर फिदा हो गए। दिलीप साहब ने मेरे पिता को सौ रुपए इनाम दिया।'*

### *इस बच्चे के ऑटोग्राफ लीजिए*

*आगे एक्टर ने बताया, 'मेरे पिता और दादी तब तक माहिम में एक छोटी सी खोली किराए पर ले चुके थे। उस दिन की शूटिंग खत्म होने के बाद दिलीप साहब मेरे पिता को अपनी कार से छोड़ने माहिम आए थे। दिलीप साहब ने उन्हें एक पेट्रोल पंप के पास छोड़ा था। जब दिलीप साहब पेट्रोल पंप पर रुके तो वहां कुछ लोग उनके ऑटोग्राफ लेने आए। दिलीप साहब ने उनसे कहा कि इस बच्चे के ऑटोग्राफ लीजिए।*

### फिल्म इंडस्ट्री में लोग कहते थे मुन्ना

आगे एक्टर ने 'मेरे पिता को याद नहीं कि उन्हें जगदीप नाम किसने दिया था। मगर, उन्हें ये नाम पसंद था। उनका असली नाम सैयद इश्तियाक अहमद जाफरी था। और फिल्म इंडस्ट्री में लोग उन्हें मुन्ना कहते थे। नेहरू जी ने उन्हें फ़िल्म 'हम पंछी एक डाल के' के लिए अपनी छड़ी गिफ्ट की थी। नेहरू जी ने उस फ़िल्म के सभी बाल कलाकारों को अपने घर नाश्ते के लिए इनवाइट किया था। मेरे पिता की उम्र तब 15 साल थी। नेहरूजी ने सबको गिफ्ट दिए। मगर, जब मेरे पिता की बारी आई तो गिफ्ट खत्म हो गए। तब नेहरूजी ने अपनी छड़ी उठाई और मेरे पिता से कहा, 'मुझे मेरी ये छड़ी बहुत पसंद है। मगर, आज से ये तुम्हारी हुई।' वो छड़ी मेरे पिता ने हमेशा संभालकर रखी।'

## अनाउंसमेंट के वक्त ही लोगों का खींचा था अपनी ओर ध्यान

# इन बड़ी फिल्मों का बेसब्री से इंतजार कर रहे फैंस, लिस्ट में रामायण भी शामिल

*__नई दिल्ली।__ किसी भी फिल्म की घोषणा के बाद से ही फैंस उस फिल्म को लेकर काफी एक्साइटेड हो जाते हैं। क्योंकि वो अपने पसंदीदा कलाकार को बड़े पर्दे पर धमाल मचाते हुए देखना चाहते हैं। इसलिए वो फिल्म से जुड़ी एक-एक अपडेट चाहते हैं और अगर कई दिनों तक फिल्म के बारे में कोई अपडेट न मिले, तो फैंस फिल्म के मेकर्स से सवाल करने लगते हैं। पिछले कुछ वक्त से बॉलीवुड से लेकर साउथ तक की कुछ ऐसी फिल्में हैं, जिन्होंने अपने अनाउंसमेंट के वक्त ही लोगों का ध्यान अपनी ओर खींचा था। लेकिन अब उनकी अनाउंसमेंट को काफी वक्त बीत जाने के बाद भी फिल्म को लेकर कोई जानकारी काफी वक्त से सामने नहीं आई है। जिसके बाद अब फैंस फिल्मों के मेकर्स से सवाल कर रहे हैं। इस लिस्ट में बॉलीवुड स्टार रणबीर कपूर से लेकर साउथ के मेगा स्टार चिरंजीवी तक की फिल्में शामिल हैं।*

**विश्वंभरा :** साल 2023 में चिरंजीवी के जन्मदिन के मौके पर उनके फैंस को तोहफा देते हुए उनकी नई फिल्म 'विश्वंभरा' की घोषणा की गई थी। हालांकि,



ऐलान के वक्त फिल्म को 'मेगा' नाम से प्रजेंट किया गया था। बाद में फिल्म का नाम विश्वंभरा बताया गया। फिल्म की घोषणा के बाद से ही फैंस इस फिल्म के लिए उत्साहित हैं। पहले इस फिल्म को इसी साल मकर संक्रांति के मौके पर रिलीज किया जाना था, लेकिन बाद में फिल्म को आगे बढ़ा दिया गया। इसके बाद कहा गया कि फिल्म मई 2025 तक रिलीज हो सकती है, मगर अब जानकारी सामने आ रही है कि फिल्म मई में भी रिलीज नहीं होगी। ऐसे में फिल्म के बारे में मेकर्स की ओर से कोई जानकारी सामने न आने पर फैंस मेकर्स से सवाल कर रहे हैं और फिल्म को लेकर नई अपडेट देने की अपील कर रहे हैं।

**हरि हर वीरा मल्लू :** सुपरस्टार पवन कल्याण की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'हरि हर वीरा मल्लूः पार्ट 1– स्वॉर्ड वर्सेस स्पिरिट' को लेकर भी फैंस के बीच काफी एक्साइटमेंट है। होली पर मेकर्स ने फिल्म की रिलीज डेट का एलान करते हुए बताया था कि फिल्म 9 मई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। दर्शकों की बेचैनी तब बढ़ गई जब अप्रैल तक फिल्म को लेकर कोई नई जानकारी सामने नहीं आई और न ही फिल्म का प्रमोशन शुरू हुआ। हाल ही में फैंस ने मेकर्स से फिल्म को लेकर सवाल किए हैं और उनसे फिल्म के प्रमोशन को शुरू करने की अपील की है।



**कल्कि-2 :** फिल्म 'कल्कि 2898 एडी' की सफलता के बाद से फैंस फिल्म के अगले पार्ट के लिए काफी उत्साहित हैं। मगर फैंस को फिल्म से जुड़ी कोई पुख्ता जानकारी हासिल नहीं हो पा रही है। हालांकि, बीच में ऐसी खबरें आई थीं कि फिल्म को इसी साल के अंत तक रिलीज करने की योजना है। लेकिन अभी तक ये साफ नहीं हो पाया है कि फिल्म की शूटिंग कब तक शुरू होगी या हो चुकी है।



**हेरा फेरी-3 :** जिन फिल्मों का दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं, उनमें प्रियदर्शन की कल्ट कॉमेडी फिल्म हेरा-फेरी का तीसरा पार्ट हेरा फेरी 3 भी शामिल है। बीते दिनों निर्देशक प्रियदर्शन ने ये कहकर दर्शकों का उत्साह और भी बढ़ा दिया कि वो जल्द ही फिल्म की शूटिंग शुरू करना चाहते हैं। हालांकि, अभी तक फिल्म को लेकर कोई पुख्ता जानकारी सामने नहीं आई है।



**रामायण :** रणबीर कपूर की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'रामायण' को लेकर फैंस काफी उत्साहित हैं। जबसे फिल्म की घोषणा हुई है, फैंस बड़ी ही बेसब्री से फिल्म का इंतजार कर रहे हैं। नितेश तिवारी के निर्देशन




में बन रही इस फिल्म को दो भागों में रिलीज किए जाने की तैयारी है। हाल ही में रामनवमी के मौके पर फैंस को उम्मीद थी कि फिल्म से जुड़ी कोई अहम जानकारी सामने आएगी। लेकिन ऐसा नहीं हुआ। जिसके बाद फैंस ने निर्देशक नितेश तिवारी से फिल्म को लेकर कोई अपडेट देने की मांग की थी।

**कार्तिक आर्यन की अनाम फिल्म :** कार्तिक आर्यन इन दिनों अपनी आगामी फिल्म को लेकर लगातार चर्चाओं में बने हुए हैं। फिल्म की शूटिंग के वीडियो और फोटोज लगातार समने आ रहे हैं। इस फिल्म में कार्तिक आर्यन के साथ अभिनेत्री श्रीलीला नजर आएंगी। अनुराग बसु द्वारा निर्देशित इस फिल्म के बारे में फैंस नई अपडेट का इंतजार कर रहे हैं।



खबर संक्षेप

## वार्ड नंबर-16 में सीसी रोड निर्माण का हुआ भूमि पूजन



**अकलतरा।** नगर के वार्ड नंबर 16 में तहसील रोड से शर्मा महाराज के घर तक बनने वाली सीसी रोड के निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया गया। यह कार्य 5 लाख 36 हजार रुपये की लागत से होगा। भूमि पूजननगर पालिका उपाध्यक्ष दिवाकर सिंह राणा और वार्ड 16 के पार्षद विजय खांडेल ने किया। कार्यक्रम में दिवाकर राणा ने कहा कि नगर के सभी वार्डों में विकास कार्यों को लेकर पीआईसी की बैठक में स्वीकृति दी गई है। ठेकेदार को गुणवत्ता का ध्यान रखते हुए समय पर कार्य पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं। पार्षद विजय खांडेल ने कहा कि बरसात में लोगों को आने-जाने में परेशानी होती थी। सीसी रोड बनने से अबराहत मिलेगी। वार्ड के लोग लंबे समय से इस सड़क की मांग कर रहे थे। कार्यक्रम में वार्ड 8 के पार्षद धनराज सिंह चौहान, वार्ड 13 के पार्षद सुरेश मिर्चनय, वार्ड 20 के पार्षद राज सिंह, मनोज टंडन, अंकित सिंह सिसोदिया, आदित्य सिंह चौहान, उप अभियंता जोयस तिग्गा, शेखर उपाध्याय और बड़ी संख्या में वार्डवासी मौजूद रहे।

## महिला पतंजलि योग समिति योग प्रशिक्षण शिविर आज से

**जांजगीर-चांपा।** जिला महिला पतंजलि योग समिति द्वारा 25 दिवसीय सह योग शिक्षक प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ 10 अप्रैल से होगा। जिला महामंत्री श्रीमती चमेली साहू ने बताया 25 दिवसीय प्रशिक्षण शिविर जिला प्रभारी श्रीमती मनीषा गोपाल के नेतृत्व में राज्य महिला पतंजलि के निर्देशानुसार होने जा रहा है यह शिविर शारदा मंदिर परिसर में प्रातः 5:30 बजे से 7:00 बजे तक व सायं 6 से 7 बजे प्रत्येक दिवस किया जाएगा। जो इस शिविर का ऑनलाइन लाभ लेना चाहते है उनके लिए भी सुविधा उपलब्ध रहेगी। इस प्रशिक्षण में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर स्वस्थ एवं निरोगी काया पाये। शिविर में भाग लेने के लिए महिला पतंजलि समिति के जिला प्रभारी श्रीमति मनीषा गोपाल,जिला महामंत्री श्रीमति चमेली साहू,योग शिक्षिका श्रीमति शारदा साहू के पास पंजीयन करा सकते है।यह शिविर पूरी तरह निःशुल्क है । शिविर में भाग लेकर अधिकाधिक लाभान्वित होवे ।

## लोहर्सी में दो दिवसीय हनुमान प्राकट्य महोत्सव कल से

**गोधना।** कनौजिया श्रीवास समाज बिलासपुर संभाग मुख्यालय लोहर्सी के तत्वाधान में दो दिवसीय हनुमान प्राकट्य महोत्सव 11 अप्रैल एवं 12 अप्रैल को आयोजित होगा। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पामगढ़ विधानसभा विधायक शेषराज हरबंश तथा विशिष्ट अतिथि ग्राम सरपंच चंद्रकांता खूंटे उपस्थित होंगी। वहीं प्रथम दिवस 11 अप्रैल को रामचरित मानस गायन संध्याकालीन 7 बजे प्रारंभ होगी और 12 अप्रैल को हनुमान जी का पूजन एवं सामूहिक सुंदरकांड का आयोजन किया जाएगा।

## अस्थि, न्यूरो एवं मधुमेह रोग जांच शिविर का आयोजन 13 को

**बिर्रा।** छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ द्वारा प्रथम हॉस्पिटल के सहयोग से आयोजित निःशुल्क अस्थि, न्यूरो एवं मधुमेह रोग जांच शिविर का आयोजन का आचार्य चाणक्य सभागार बिर्रा में 13 अप्रैल रविवार को यिा जाएगा। शिविर में डॉ. रजनीश पाण्डेय मस्तिष्क संबंधी रोध लकवा, मिर्गी, झटके, सिर के चौट संबंधी परामर्श,डॉ. एस. के.धर, मधुमेह एवं हृदय रोग सलाहकार,डॉ. लक्ष्मीनारायण मिश्रा, सामान्य रोग,डॉ. वैभव कौशिक अस्थि रोग विशेषज्ञ,डॉ. अम्बिकेश पाण्डेय (सामान्य रोग विशेषज्ञ ) उपस्थित रहेंगे।

## जनपद पंचायत में हुआ 5 स्थाई समितियों का गठन

**मालखरौदा।** जनपद पंचायत मालखरौदा में 7 अप्रैल को अनुविभागी अधिकारी राजस्व रूपेंद्र पटेल की उपस्थिति में सुबह 11 बजे से 1 बजे तक जनपद पंचायत के स्थाई समिति का हुआ गठन जिसमें सर्वप्रथम सामान्य प्रशासन समिति का गठन किया गया जिसमें सभापति कवि शरण वर्मा जनपद अध्यक्ष बनाए गए जबकि उनके साथ 9 अन्य सदस्य समिति में शामिल है। इसी प्रकार शिक्षा समिति में रितेश साहू जनपद उपाध्यक्ष उनके साथ पांच अन्य सदस्य बनाए गए इसके अलावा कृषि समिति में ललिता अशोक डहरिया सभापति पांच अन्य सदस्य, संचार संकर्म समिति में मनोज सक्सेना सभापति पांच अन्य सदस्य सहकारिता एवं उद्योग समिति जिसमें राम कुमारी अमरीकाधीरहे सभापति पांच अन्य सदस्य शामिल है।

## बीरभाठा में शिव जलाभिषेक एवं सुलेख प्रतियोगिता आयोजित

**मालखरौदा।** जनपद के प्रवेश द्वार पर बसे ग्राम वीरभाठा में शिव जलाभिषेक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। शिव पर जल चढ़ाना एक धार्मिक क्रिया है जिसे प्रतियोगिता का रूप दिया। इस 'शिव जला--भिषेक' में 22 प्रतिभागी हिस्सा लिए जिसमें प्रथम -जागृति, द्वितीय- नैना व तृतीय- अक्षांश रहे। इसके बाद सुलेख प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमे स्कूली बच्चे बड़ी संख्या में भाग लिए जिसमें प्रथम-कु. कंचन केंवट, द्वितीय- अनुज और तृतीय रहीं कु. नेहा। वही विजयी प्रतियोगी को संजय मरावी व पुनीराम यादव की ओर से पुरस्कृत किया गया। पूर्व सरपंच लक्ष्मी मोहन ठाकुर एवं वर्तमान उपसरपंच बुध्देश्वर नाविक उपस्थित थे। किशन यादव के द्वारा मंच संचालन किया गया।

कलेक्टर, सीईओ सहित सभी अधिकारी आवेदन लेने की प्रक्रिया एवं व्यवस्थाओं किया निरीक्षण

# सुशासन तिहारः आम नगारिक अपनी समस्याओं के समाधान के लिए दे रहे आवेदन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने सुशासन तिहार -2025' के आयोजन का ऐलान किया है। इसी के तहत 8 से 11 अप्रैल तक जिले के सभी ग्राम पंचायत मुख्यालयों और नगरीय निकाय कार्यालयों में आमजन से आवेदन प्राप्त किये जा रहे है।

बुधवार 9 अप्रैल को कलेक्टर अमृत विकास तोपनो, जिला पंचायत सीईओ वासु जैन सहित सभी अधिकारी विभिन्न ग्राम पंचायतों में पहुंचकर आवेदन लेने की प्रक्रिया एवं व्यवस्थाओं का निरिक्षण करते हुवे लोगों को इस तिहार का ज्यादा से ज्यादा लाभ लेने के लिए जागरूक कर रहे है। इसके तहत कलेक्टर और सीईओ द्वारा जनपद पंचायत सक्ती अंतर्गत ग्राम ऋषभतीर्थ, नगरदा, बरपालीकला आदि जगहों में औचक पहुंचकर आवेदन लेने की प्रक्रिया का निरिक्षण करते हुए आवश्यक निर्देश दिए। जिले के सभी ग्राम पंचायत मुख्यालयों और नगरीय निकाय कार्यालयों में आमजन के समस्याओं के समाधान के लिए रखे गए समाधान पेटी में आवेदन जमा करने के लिए उत्साहपूर्वक बड़ी संख्या में जिले के नागरिक पहुँच रहे है। कलेक्टर तोपनो के निर्देशन में जिले के सभी अधिकारियों द्वारा विभिन्न ग्राम पंचायत और नगरीय निकायों में पहुंचकर आमजन को सुशासन तिहार 2025 का ज्यादा से ज्यादा लाभ लेने के लिए जागरुक किया जा रहा है।



निरीक्षण करते कलेक्टर एवं अन्य अधिकारी।

### बड़ी संख्या में लोग पहुंच रहें आवेदन देने

**जांजगीर-चांपा।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मंशानुरूप राज्य व्यापी सुशासन तिहार में लोगों द्वारा अपनी समस्याओं के निराकरण के लिए आवेदन दे रहें है। कलेक्टरआकाश छिकारा ने नगरीय निकाय जांजगीर-नैला के तुलसी भवन एवं ग्राम पंचायत बनारी व खोखरा के पंचायत भवन का पहुंचकर आवेदन लेने की प्रक्रिया का जायजा लिया। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि लोगों को आवेदन देने के लिए किसी प्रकार का दिक्कत न हो इसका ध्यान रखा जाए। इस दौरान उन्होंने ऑनलाइन-ऑफलाइन माध्यम से प्राप्त आवेदनों की संख्या की जानकारी ली एवं आवेदनों के निराकरण करने के निर्देश दिए।

## नगरपालिका चांपा में पहले दिन समाधान पेटी में आए 117 आवेदन

**चांपा।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश में पूरे प्रदेश में 8 अप्रैल से शुरू हुए सुशासन तिहार 2025 के तहत शिविर में बड़ी संख्या में नागरिक पहुंचे,जिन्होंने आवेदन दिया। सुशासन तिहार के पहले दिन चांपा नगर पालिका के सभी 27 वार्डों में आयोजित शिविर में कुल 117 आवेदन प्राप्त हुए, सभी शिविरों में समाधान पेटी भी रखा गया है जिसमें नागरिकों ने अपने आवेदन डाले। वार्डों में लगाए गए शिविर का नगर



पालिका अध्यक्ष प्रदीप नामदेव ने निरीक्षण कर व्यवस्था का जायजा लिया और नागरिकों से बातचीत की। विदित है कि चांपा नगर पालिका क्षेत्र के सभी 27 वार्डों में 8 अप्रैल से 11 अप्रैल तक शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसके माध्यम से आमजन के आवेदन प्राप्त किए जाएंगे। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश में तीन चरणों में सुशासन तिहार-2025 का आयोजन किया जा रहा है। पहले चरण में 8 अप्रैल से 11 अप्रैल तक आम जनता से आवेदन प्राप्त किए जाएंगे। दूसरे चरण में लगभग एक माह के भीतर प्राप्त आवेदनों का निराकरण किया जाएगा। तीसरे एवं अंतिम चरण में 5 मई से 31 मई के बीच समाधान शिविरों का आयोजन किया जाएगा। नगर पालिका अध्यक्ष प्रदीप नामदेव ने बताया कि यह तिहार प्रदेश में सुशासन की सशक्त स्थापना, जनसमस्याओं के त्वरित समाधान, जनकल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा और जन संवाद को सशक्त बनाने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। सरकार शासन के प्रत्येक स्तर पर पारदर्शिता, प्रभावशीलता और जन-हितैषी प्रशासन की स्थापना को लेकर कटिबद्ध है। इस तिहार के माध्यम से शासन-प्रशासन सीधे आम जनता से जुड़कर, उनकी समस्याओं को समयबद्ध ढंग से सुलझाने का कार्य करेगा। सुशासन तिहार-2025 के आयोजन के उद्देश्य आम जनता की समस्याओं का समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करना, शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा करना तथा विकास कार्यों में गति लाने के साथ ही आम जनता, जनप्रतिनिधियों और विभिन्न सामाजिक संगठनों से सीधा संवाद स्थापित करना है।

## सड़क निर्माण, जल आपूर्ति व पेंशन से संबंधी ग्रामीणों ने दिए आवेदन




**गोधना।** ग्राम पंचायत गोधना में मंगलवार को सुशासन तिहार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम प्रशासन की जनसुनवाई और नागरिक सहभागिता की भावना को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित किया गया। कार्यक्रम में ग्रामीणों ने बड़ी संख्या में भाग लिया और विभिन्न समस्याओं व सुझावों को सामने रखा। कार्यक्रम की शुरुआत पंचायत भवन परिसर में की गई, जहां सरपंच, पंचगण एवं अन्य पंचायत प्रतिनिधियों के साथ-साथ जिला एवं ब्लॉक स्तर के अधिकारी भी मौजूद रहे। अधिकारियों ने सुशासन तिहार के महत्व को रेखांकित करते हुए बताया कि यह पहल लोगों को सीधे शासन से जोड़ने का एक सशक्त माध्यम है। ग्रामीणों ने अपनी कई समस्याएं जैसे सड़क निर्माण, जल आपूर्ति, बिजली, राशन वितरण, पेंशन योजनाएं, स्वास्थ्य सेवाएं आदि से संबंधित मांगों और शिकायतों को लिखित रूप में समाधान पेटी में डाला। यह समाधान पेटी विशेष रूप से कार्यक्रम स्थल पर रखी गई थी ताकि लोग बिना किसी डर या झिझक के अपनी बात प्रशासन तक पहुँचा सकें।कुछ प्रमुख समस्याएं जो सामने आईं, उनमें ग्राम में जर्जर सड़क की मरम्मत, आंगनबाड़ी भवन की मरम्मत, नल-जल योजना की धीमी प्रगति और वृद्धावस्था पेंशन में देरी प्रमुख रहीं। अधिकारियों ने भरोसा दिलाया कि प्रत्येक मांग और शिकायत की गंभीरता से समीक्षा की जाएगी और त्वरित समाधान के लिए संबंधित विभागों को निर्देशित किया जाएगा।इस अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम भी आयोजित किया गया, जिसमें ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं, जनकल्याण कार्यक्रमों और पंचायत की पारदर्शिता को लेकर जानकारी दी । ग्रामीणों ने इस तरह के आयोजनों की सराहना की और उम्मीद जताई कि उनकी आवाज़ प्रशासन तक अवश्य पहुँचेगी।

## संकुल केन्द्र बिर्रा में तीन दिनों में हुआ कॉपियों का मूल्यांकन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिर्रा

संकुल केन्द्र बिर्रा में कक्षा 5 एवं कक्षा 8 वी के परीक्षा का मूल्यांकन के लिए संकुल केंद्र बिर्रा संकुल केंद्र डी डी एस बिर्रा संकुल केंद्र सिलादेही संकुल केंद्र तालदेवरी में संकुल केंद्र बिर्रा को मूल्यांकन हेतु केंद्र बनाया गया है। मनीषा बेबी चौहान प्राचार्य को मूल्यांकन प्रभारी एवं गुरुप्रसाद भतपरे संकुल समन्वयक को मूल्यांकन सहायक प्रभारी बनाया गया है।

रामकिशोर देवांगन संकुल समन्वयक संकुल बिर्रा ललित मनहर संकुल समन्वयक संकुल तालदेवरी लखन लाल कश्यप संकुल समन्वयक संकुल केंद्र डी डी एस बिर्रा को भी सहायक प्रभारी बनाया गया है। 7 अप्रैल से 11 अप्रैल तक का समय दिया गया था। जिसमे शिक्षक शिक्षिका ने सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक रहकर मूल्यांकन कार्य को तीन दिवस में ही पूर्ण कर दिया। इसके लिए मनीषा बेबी चौहान प्राचार्य एवं रामकिशोर देवांगन संकुल समन्वयक ने सभी शिक्षक शिक्षिका को समय से पहले मूल्यांकन कार्य पूर्ण करने




पर धन्यवाद दिया गया। उपस्थित शिक्षक शिक्षिका में श्रीमती निहारिका साहू, प्रियंका मनहर, रश्मि तिवारी, सरोजनी डडसेना, सरिता चौहान, किरण रातडे, हर्षिता देवांगन, गुड़िया बाई केंवट, मधु देवांगन, भगवती कश्यप, बीना डडसेना, श्यामगोपाल साहू, छबि पटेल, उत्तम लाल साहू, नवधा राम चंद्रा, प्रमोद कश्यप, किशन देवांगन, नागेश देवांगन, घनश्याम देवांगन, आगास राम कश्यप, देवलाल पटेल, श्रीगेन्द्र रॉय, राजकुमार यादव, कृष्ण कुमार पटेल, फिरत राम केंवट, गणेश राम केरकेट्टा, भीम राम टंडन, सुनील कश्यप, गोवेर्धन चंद्रा, मनीष दास गुप्ता, शशिता तिग्गा उपस्थित रहे।

### आकांक्षा आवासीय कोचिंग में प्रवेश के लिए आवेदन आमंत्रित

**जांजगीर-चांपा।** आकांक्षा कार्यक्रम अंतर्गत वर्ष 2025-26 में 11वीं कक्षा में अध्ययनरत आर्थिक रूप से कमजोर छात्र/छात्राओं को राष्ट्रीय स्तर की इंजीनियरिंग, मेडिकल से संबंधित प्रवेश परीक्षाओं में सफल होने हेतु 2 वर्षीय पाठ्यक्रम हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किया गया है। आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 30 अप्रैल निर्धारित की गई है। लिखित परीक्षा की तिथि के संबंध में पृथक से सूचना जारी किया जाएगा। आवेदन पत्र सीधे आकांक्षा आवासीय विद्यालय जिला पंचायत परिसर जांजगीर चांपा में जमा किया जा सकेगा। आकांक्षा कार्यक्रम अंतर्गत अध्ययन हेतु इच्छुक छात्र-छात्रायें नियम एवं शर्तों तथा आवेदन पत्र से संबंधित जानकारी के लिए जिले के वेबसाईट का अवलोकन कर सकते हैं अथवा आकांक्षा आवासीय विद्यालय जिला पंचायत परिसर जांजगीर चांपा से भी संपर्क कर सकते है।

## सकारात्मक दृष्टिकोण अपनाकर रहें स्वस्थ एवं प्रसन्न : डॉ. मेहता

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर शासकीय डॉ. इंद्रजीत सिंह कॉलेज, अकलतरा में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में प्रेरक उद्बोधन कॉलेज के प्राचार्य डॉ. एम. मेहता द्वारा दिया गया।

■ इंद्रजीत सिंह कॉलेज में जागरुकता कार्यक्रम आयोजित

डॉ मेहता ने वर्तमान समय में युवाओं में बढ़ती स्वास्थ्य समस्याओं जैसे कि कम उम्र में हार्ट अटैक, मधुमेह (शुगर), उच्च रक्तचाप , हाइपरटेंशन, डिप्रेशन आदि विषयों पर चर्चा करते हुए विद्यार्थियों को स्वस्थ जीवन शैली अपनाने एवं आकर्षण के सिद्धांत को अपनाते हुए पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया । कार्यक्रम में शारीरिक, मानसिक एवं साइकोसोमैटिक स्वास्थ्य की चुनौतियों पर भी प्रकाश डाला गया। मुख्य रूप से सोशल मीडिया के



जागरुकता कार्यक्रम को संबोधित करते अतिथि।

प्रभाव और उसके दुष्परिणाम, अनुशासित दिनचर्या और संतुलित खानपान की आवश्यकता, नियमित शारीरिक गतिविधि और मेडिटेशन का महत्त्व, अच्छी नींद, सकारात्मक सोच, उम्मीदों और तुलना में संतुलन ,जीवन को समग्र दृष्टिकोण से देखने की आवश्यकता पर संवाद किया गया। प्राचार्य डॉ. मेहता ने अपने संबोधन में युवाओं से आह्वान किया कि वे स्वास्थ्य के प्रति सजग रहें और जीवन को तनावमुक्त एवं संतुलित बनाने के लिए स्वस्थ जीवनशैली को अपनाएं। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी जीवन के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण अपना कर स्वस्थ एवं प्रसन्न रहें। कार्यक्रम ने सभी प्रतिभागियों को एक नई सोच और प्रेरणा दी।कार्यक्रम का संचालन एनसीसी अधिकारी सुनील साहू द्वारा किया गया। कार्यक्रम में डॉ विनोद साहू, डॉ रेणुका शर्मा, ओमप्रकाश, भावेश, अनिता, ईश्वरी, ममता एनसीसी कैडेट्स, स्नात्तकोत्तर छात्र-छात्राएं तथा प्राध्यापकगण उपस्थित रहे।

## शोभा यात्रा निकालकर किया गया जवारा विसर्जन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदा

समीपस्थ ग्राम भिलाई में धिकुड़िया तालाब के पार में विराजी मां मौली दाई मंदिर में बासंती नवरात्रि पर्व धूमधाम से मनाया गया। यहां 30 मार्च से 6 अप्रैल तक माता की विधि विधान से पूजा अर्चना की गई। वहीं नवमी तिथि को जवारा विसर्जन किया गया। मंदिर के बैगा नरेन्द्र सिंह चौहान ने बताया कि गांव में जवारा विसजर्न के पूर्व भव्य यात्रा निकाली गई। इसके बाद बस्तीपारा घाट में विसर्जित किया गया। इस दौरान रास्ते में जगह-जगह ग्रामीणों द्वारा पूजा-अर्चना की गई।

■ जगह-जगह ग्रामीणों ने की पूजा-अर्चना

गौरतलब है कि ग्राम भिलाई की ग्राम देवी मां मौली दाई में बासंती नवरात्र में नौ दिनों तक जवा बोआ गया। साथ ही बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने मनोकामना ज्योति



जवारा विसर्जन करने जाती महिलाएं।

प्रज्वलित कराया। नवमीं के दिन जसगीत मादर के थाप में बैगीनो ने सिर में जवारा कलश व पाठ-पीढ़ा लेकर शोभा यात्रा निकालते हुए जावरा विसर्जन किया। इस दौरान श्रद्धालुओं के लोट लेने वालों की लम्बी कतार थी। लोट के पीछे गाजे बाजे के साथ जसगीत पार्टी की टीम झुमते नाचते चल रहे थी। उसके पीछे सोलह श्रृंगार किये महिलाएं ज्वारा कलश लिये चल रहें थे। ज्वरा कलश विसर्जन देखने सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु सड़क के दोनों ओर इकठ्ठा हुए थे। ऐसी मान्यता है कि मां मौली दाई की जो भक्त विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर ज्वारा विसर्जन में शामिल होते है उनकी सभी मनोकामना पूर्ण होती है।

### पोषण पखवाड़ा के तहत बाईक रैली का किया गया आयोजन

**जांजगीर-चांपा।** जिले में पोषण संबंधी परिणामों में सुधार लाने के उद्देश्य से 8 से 22 अप्रैल तक विभिन्न विभागों के समन्वय से पोषण पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। पोषण पखवाड़ा के तहत नगर पालिका जांजगीर नैला अध्यक्ष श्रीमती रेखा देवा गढ़ेवाल ने बाईक रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली में परियोजना कार्यालय के कर्मचारी, सखी वन स्टॉप सेंटर, नवाबिहान, आईसीपीएस के कर्मचारी व आंगनबाड़ी केन्द्रों कार्यकर्ता बैनर व तखतियों के साथ नगर भ्रमण किया गया। रैली के माध्यम से चौक चौराहों पर स्लोगन के माध्यम से नागरिकों को जागरूक किया गया। इसके साथ ही कुपोषण मुक्ति के संबंध में शपथ लिया गया है। जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया पोषण अभियान के तहत पोषण स्तर में सुधार लाना है।




## खेल में लगी रहती है हार-जीत : साहू

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

नवागढ़ विकासखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत बुड़ेना में टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ जिला पंचायत जांजगीर-चाम्पा के सभापति राजकुमार साहू के मुख्य आथित्य में किया गया। सर्वप्रथम श्री साहू ने श्रीफल तोड़कर प्रतियोगिता का शुभारंभ करते हुए प्रतियोगिता में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनसे परिचय लिया।

■ बुड़ेना में टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता का सभापति ने किया शुभारंभ

उपस्थित खिलाड़ियों एवं ग्रामीणों को संबोधित करते हुए सभापति राजकुमार साहू ने कहा कि खेल में हार जीत लगी रहती है जीतने वाले खिलाड़ियों को अहंकार नहीं करना चाहिए एवं हारने वालेखिलाड़ियों को कभी निराश नहीं होना चाहिए। खेल में तो हार जीत लगी रहती है खेल को खेल



क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ करते अतिथि।

भावना से खेलना चाहिए। गांव के उप सरपंच सुनील राणा ने युवाओं को एक सूट रहने का संदेश दिया गांव की गलत मानसिकता को बदल सकते हैं और सही मानसिकता से कम पर गांव को स्वच्छ सुंदर और बेहतर बना सकते हैं खेल है खेल की भावना की तरह खेला जाए ऐसा आश्वासन दिया। टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता में जनपद पंचायत सदस्य श्रीमती त्रिवेदी राजू कश्यप, बुड़ेना के सरपंच श्रीमती रेखा देवी, उपसरपंच सुनील कुमार सिंह राणा, विष्णु अवतार कश्यप, प्रदेश सलाहकार महेंद्र कश्यप, संभागीय महासचिव ललित भारत की जिला महासचिव विजय यादव, आकांक्षा आवासीय परिसर के शिक्षक गणेश कुमार श्रीवास, सहयोगी नितेंद्र सिंह, रामप्रसाद कश्यप, राजू कश्यप व ग्रामवासी उपस्थित रहे।

